www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

29 जनवरी 2026
हरदा, गुरुवार
वर्ष-15, अंक - 235, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
माघ शुक्ल पक्ष - 11
विक्रम संवत् 2082

● प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन आयोजित

## सीएम को पढ़ाने वाली शिक्षिका सम्मानित

### नवाचार और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीचर्स का भी हुआ सम्मान



**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से बुधवार को राजधानी भोपाल में प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान किया। वहीं जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी शिक्षिका कोकिला सेन का सम्मान किया।

**अपनी शिक्षिका कोकिला सेन का सीएम ने चरण स्पर्श कर किया सम्मान** – शिक्षिका कोकिला सिंह जैसे ही मंच पर आई, मुख्यमंत्री तुरंत उनके नजदीक पहुंचे और चरण स्पर्श करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर पांच शिक्षकों का सम्मान किया गया। ये सम्मेलन सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ भोपाल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह संघ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध है।

सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन किया। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार सम्मेलन में प्रदेशभर के उन शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है।



## बेहतर शिक्षा से सशक्त हो रहा प्रदेश के बच्चों का भविष्य : मुख्यमंत्री

### 369 नए सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बच्चे राष्ट्र की पूंजी हैं। इनका भविष्य संवारना हम सबकी जिम्मेदारी है।

बेहतर शिक्षा के लिए मजबूत अधोसंरचनाओं और कुशल मानव प्रबंधन पर हम प्रदेश के बच्चों का भविष्य बेहतर बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा मूल संकल्प है कि प्रदेश के स्कूल जाने योग्य हर विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो। इसी संकल्प की पूर्ति के लिए हमने प्रदेश में गुरुकुल शिक्षा पद्धति से प्रेरणा लेकर अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की है। अब तक प्रदेश में 369 नए सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबको अनिवार्य रूप से शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू है। इस अधिनियम के अंतर्गत हमने अब तक प्रदेश के 8.50 लाख से अधिक विद्यार्थियों की समुचित शिक्षा के लिए सभी स्थायी प्रबंध और पुख्ता शिक्षण व्यस्थाएं सुनिश्चित कर दिए हैं।

## जन्म के बाद नवजात को ईदगाह परिसर में छोड़ गई मां, मुंह में दबाए कुत्ता लेकर पहुंचा मदरसा



**शिवपुरी (एजेंसी)।**

देहात थानांतर्गत ईदगाह परिसर में एक महिला रूई में छिपाकर एक नवजात को लेकर आई। उसे ईदगाह परिसर में फेंक कर चली गई। नवजात को फेंकने के लिए आई महिला ईदगाह पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस महिला की तलाश कर रही है।

**रूई में लिपटा हुआ था बच्चा**– बताया जाता है कि एक कुत्ता नवजात के शव को मुंह में दबाकर ईदगाह परिसर में स्थित मदरसा में ले आया। जब मदरसा के लोगों ने नवजात के शव को कुत्ते के मुंह में देखा तो उन्होंने उसे कुत्ते से छुड़ाने का प्रयास किया।

इस पर कुत्ता नवजात के शव को वहीं पर छोड़कर भाग गया, जब शव को देखा गया तो वह बालक का शव निकला। बच्चा रूई में लिपटा हुआ था, ऐसे में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बच्चो को जिंदा ही फेंका गया है।

● **प्रसव घर पर होने की संभावना**– बच्चे की नाभी पर कोई काड क्लैंप नहीं होने के कारण यह माना जा रहा है कि प्रसव घर पर ही कराया गया है। हालांकि ईदगाह परिसर के पास ही एक अस्पताल होने से इस बात की भी संभावना है कि प्रसव वहां कराया गया हो। हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं है कि बच्चे का प्रसव अस्पताल में हुआ या फिर घर पर। वहीं, दूसरी ओर जिस तरह से बच्चे के शव को फेंका गया है, उससे लोगों में चर्चा है कि संभवत: किसी बिन ब्याही मां के पाप को छिपाने के लिए शव को फेंका गया होगा।

## इंदौर में दूषित पानी से 30वीं मौत

● अब भी 3 मरीज आईसीयू और एक वेंटिलेटर पर; हाईकोर्ट ने बनाया जांच आयोग

**अनोखा तीर, इंदौर ।**

इंदौर में दूषित पानी से बुधवार को 30वीं मौत हो गई। भागीरथपुरा में रहने वाले 62 वर्षीय लक्ष्मी रजक को दो दिन पहले उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था परिजनों ने बताया कि भर्ती के दौरान उनकी किडनी भी खराब होने की जानकारी मिली।

इससे पहले भागीरथपुरा के खूबचंद की दूषित पानी से मंगलवार को मौत हो गई थी। बुधवार को उनके परिजनों ने अंत्येष्टि से पहले सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। हालांकि, अब भर्ती मरीजों की संख्या सिर्फ 6 रह गई हैं। इनमें से 3 आईसीयू में हैं। एक वेंटिलेटर पर है।दूसरी ओर इसी मामले को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में मंगलवार (27 फरवरी) को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा सुनवाई चली।



**दूषित पानी से 16 मौतें स्वीकार, 4 पर असमंजस, हाईकोर्ट ने 'वर्बल ऑटोप्सी' शब्द पर उठाई आपत्ति**– हाईकोर्ट में मंगलवार को भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर दायर जनहित याचिकाओं की सुनवाई में ढाई घंटे से अधिक समय लगा। सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव अनुराग जैन वर्चुअल माध्यम से दस मिनट उपस्थित रहे। इस दौरान अदालत के समक्ष 23 मौतों की रिपोर्ट पेश की गई जिसमें से 16 मौतों को दूषित पानी से होने वाली माना गया। वहीं चार मामलों में असमंजस की स्थिति बताई गई और तीन मौतों को दूषित पानी से जोड़ने से इनकार किया गया।

● **16 मौतों का सरकारी आंकड़ा**–एडवोकेट अजय बागड़िया ने बताया कि डेथ ऑडिट रिपोर्ट में सोलह मौतों को दूषित पानी से जोड़ा गया है लेकिन रिमार्क कॉलम में स्पष्ट नहीं किया गया कि यह मौतें किस कारण हुई। इसके अलावा मुआवजे के मामले में भी शासन की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिला और मृतकों को दी गई राशि रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से दी जा रही है। जबकि शासन अन्य हादसों में मृत व्यक्ति के परिजन को 4-4 लाख रुपए देती है लेकिन जिनकी दूषित पानी से मौत हुई हैं उनकी जिंदगी की कीमत नहीं लगाई।

## उमरिया के जरहा स्कूल में 41 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

### फूड पॉइजनिंग की आशंका

**उमरिया (एजेंसी)।** उमरिया के करकेली विकासखंड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के जरहा में बुधवार को लगभग 41 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें बुखार, उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी, जिसके बाद शिक्षा विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। 35 बच्चों को समुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया है, जबकि 6 बच्चों को इलाज के लिए उमरिया जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**स्कूल परिसर में किया जा रहा बच्चों का इलाज**– स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी बीमार बच्चों का प्राथमिक इलाज शुरू कर दिया है। फिलहाल सभी बच्चों का इलाज स्कूल परिसर में ही किया जा रहा है और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

**गांव में भी जांच कर रही है स्वास्थ्य विभाग की टीम**– बीमारी के कारणों का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम एहतियातन गांव में भी जांच कर रही है। शिक्षा विभाग के अधिकारी भी पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। करकेली विकासखंड के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विनीत चतुर्वेदी ने बताया कि सूचना मिलते ही टीमें मौके पर पहुंच गई थीं।

## खेत से मां को लाने निकले थे पिता-पुत्र, तेज रफ्तार बल्कर ने कुचलकर मार डाला

**सतना (एजेंसी)।**

जिले में एक दर्दनाक हादसे में पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गयी है। दोनों बाइक से खेत अपनी पत्नी को वापस लेने जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार बल्कर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले पर आगे की जांच में जुटी हुई है।

**ग्रामीणों ने किया चक्काजाम**– दरअसल सतना जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ गया। बाइक से जा रहे पिता और उसके 7 साल के मासूम बेटे को एक तेज रफ्तार ट्रक (बल्कर) ने बेरहमी से कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया, जिन्हें पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शांत कराया है।

### भड़के ग्रामीणों ने लगाया जाम



**मटेहना के पास हुआ हादसा**– मृतक की पहचान शंखधर केवट (35) और उनके बेटे सिद्धू उर्फ सिद्धार्थ (7) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि शंखधर अपने बेटे को बाइक पर बैठाकर खेत में बनी अहरी (झोपड़ी) से अपनी पत्नी को लेने जा रहे थे। शाम करीब 7 बजे जैसे ही वे मटेहना और कृपालपुर के बीच पहुंचे।

### गुस्साए ग्रामीणों ने शव उठाने से रोका

हादसे की खबर फैलते ही देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। दो मौतों से आक्रोशित लोगों ने मटेहना रोड पर जाम लगा दिया और प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का गुस्सा इतना ज्यादा था कि उन्होंने पुलिस को शव उठाने से भी रोक दिया। करीब एक घंटे तक सड़क पर हंगामा चलता रहा।

## मेहमान बनकर आया, चोरी कर ले गया जेवरात

### घर की अलमारी से 10 लाख के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी

**अनोखा तीर, भोपाल ।** भोपाल के निशातपुरा थाना क्षेत्र में हुई चोरी की एक बड़ी वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि चोरी किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि पीड़िता के ही रिश्तेदार ने की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 10 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

### घर के अंदर से ही उड़ा कीमती सामान

राजनगर फेस-1, करोंद निवासी संगीता मालवीय ने पुलिस को बताया कि 22 जनवरी को अलमारी के लॉकअप में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सुरक्षित थे। 25 जनवरी को जब उन्होंने उधारी के पैसे देने के लिए अलमारी खोली, तो 20 हजार रुपए और जेवरात गायब मिले।

काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो 26 जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## प्रदेश के 30 जिलों में बारिश, 8 में ओले गिरे

● फसलों को भारी नुकसान; ग्वालियर, भोपाल सहित कई शहरों में था घना कोहरा

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

दो सिस्टम के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर था। 24 घंटे के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। ग्वालियर में ढाई इंच पानी गिर गया। वहीं 8 जिलों में ओलावृष्टि दर्ज की गई। इससे गेहूं, चना और सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। बुधवार को भी घना कोहरा था।

मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर, खंडवा, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, खंडवा, बड़वानी, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, रीवा, सतना, टीकमगढ़, छतरपुर, शाजापुर, मंदसौर, आगर-मालवा, देवास, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, खरगोन, सीहोर, सागर, मऊगंज, धार आदि जिलों में 24 घंटे के अंदर बारिश का दौर चला।



ग्वालियर में सबसे ज्यादा ढाई इंच, गुना, शिवपुरी-सागर में 1 इंच, दतिया में पौन इंच और राजगढ़ में आधा इंच पानी गिर गया। उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, मुरैना, सीहोर, सागर, रायसेन व अन्य जिलों में ओले भी गिरे। बारिश, आंधी-ओले के मौसम के बीच बुधवार सुबह घना कोहरा भी छाया रहा।

ग्वालियर में सबसे कम विजिबिलिटी दर्ज की गई। यानी, यहां 50 मीटर के बाद कुछ नहीं दिखा। खजुराहो, भोपाल, दतिया, नर्मदापुरम, नौगांव, रीवा, सतना, राजगढ़, सागर, गुना, रायसेन, श्योपुर, बालाघाट, उमरिया, सिवनी, मंडला, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर में कोहरा दर्ज किया गया। हालांकि, रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

● **ओले से फसल बर्बाद, उज्जैन में किसान ने की आत्महत्या, आखिरी कॉल पर कहा- अब बहन की शादी कैसे होगी**– उज्जैन में आंधी, पानी और ओले से फसल बर्बाद होने के कारण बुधवार सुबह 30 साल के किसान ने आत्महत्या कर ली। उनका शव खेत में फांसी के फंदे पर मिला। फांसी लगाने से पहले किसान ने खराब फसल के वीडियो के साथ तड़प-तड़प के इस दिल से आह निकलती रही, मुझको सजा दी प्यार की, ऐसा क्या गुनाह किया गाने का वॉट्सएप स्टेटस लगाया था। पुलिस के अनुसार, मृत किसान का नाम पंकज मालवीय था। वह तराना तहसील के खेड़ा जामुनिया गांव में रहते थे। उन्होंने करीब 6 बीघा जमीन पर गेहूं की फसल लगाई थी, जो नष्ट हो गई। फसल खराब होने से पंकज काफी परेशान थे। वे मंगलवार रात घर नहीं लौटे। सुबह जब परिवार के लोग खेत पहुंचे तो उसका शव मिला। पंकज के परिवार में मां, पत्नी, दो छोटे बच्चे 8 वर्षीय बेटा और 5 वर्षीय बेटी है। उसकी दो बहनें हैं।

● कैलाश खेर पहुंचे भोपाल, प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर कहा

## वह लकीर के फकीर नहीं, लक्ष्य लेकर आए, गुलामी की मानसिकता से निकल रहा है भारत

**अनोखा तीर, भोपाल ।**



भोपाल से कैलाश खेर का रिश्ता सिर्फ कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, यह रिश्ता आत्मा, संस्कृति और इंसानियत से जुड़ा है। भोपाल आगमन पर मीडिया से बातचीत में पद्मश्री गायक कैलाश खेर ने भारत, समाज, राजनीति, संस्कृति, संगीत और चरित्र निर्माण पर खुलकर बात की। कैलाश खेर कहते हैं कि मध्यप्रदेश ही नहीं, भारत की हर वह धरती उन्हें प्रिय है, जहां अध्यात्म, कला, संस्कृति और मनुष्यता साथ-साथ चलती हो। चंबल जैसे इलाकों में भी पुराने मंदिर मिलते हैं। इसका मतलब ये है कि बुरे कहे जाने वाले इलाकों में भी अच्छाई छुपी होती है, बस उसे उजागर करने वाला चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र करते हुए कैलाश खेर कहते हैं कि बदलाव का श्रेय किसी एक व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता, लेकिन यह भी सच है कि कोई न कोई ऐसा होता है जो समाज को जगाता है। प्रधानमंत्री जब आए तो वो सिर्फ लकीर के फकीर बनकर नहीं आए। उन्होंने लक्ष्य रखा। पहले के प्रधानमंत्री भी अपने हिसाब से काम करते रहे होंगे, लेकिन अब एक दिशा दिखी है। कैलाश खेर के मुताबिक सबसे पहले योग, स्वच्छता और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषयों से शुरुआत हुई और वहीं से बदलाव की नींव पड़ी।

आज रेलवे स्टेशन सुधर रहे हैं, सफाई हो रही है, इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है। भारत अब सिर्फ बोल नहीं रहा, कर भी रहा है।

वे कहते हैं कि दुनिया आज भारत को मान रही है—खेल, विज्ञान और अंतरिक्ष हर क्षेत्र में। इसरो नासा को पछाड़ रहा है, ये कोई छोटी बात नहीं है। यह उस नेतृत्व का परिणाम है जो देश को जगाता है, दिशा देता है। जागा हुआ ही दूसरों को जगा सकता है।

## सार-समाचार

### सांदीपनि विद्यालय में करियर मेले का आयोजन, छात्रों से हुआ करियर संवाद

**अनोखा तीर, करताना।** सांदीपनि विद्यालय करताना में आयोजित करियर मेले के दौरान विद्यार्थियों से करियर संबंधी संवाद किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. जीवन सिंह यादवशी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आए संजय बोरसे जिला स्रोत अधिकारी तथा ज्योति तिवारी करियर काउंसलर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान



कक्षा 10वीं से 12वीं तक के लगभग 250 छात्र-छात्राओं से आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, प्रश्न पत्र हल करने की रणनीति तथा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यार्थियों को मेडिकल फील्ड, इंजीनियरिंग फील्ड, बैंकिंग तथा मध्यप्रदेश शासन की सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने की अपार संभावनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही निजी क्षेत्र में कार्य कर देश की सेवा करते हुए उज्ज्वल भविष्य बनाने के अवसरों से भी छात्रों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रमोद उमरिया, करियर गाइडेंस प्रभारी सोहागसिंह कटारे, गणेश जाट, श्रद्धा ठाकरे, रिंकेश मास्कोले, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### शहीदों के बलिदान की थीम पर मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह सामूहिक रूप से संविधान के महत्व, देशभक्ति और शहीदों के बलिदान की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य जेपी सोनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समारोह के अंतर्गत प्रभात फेरी मुख्य मार्गों से निकाली गई, जिसमें देशभक्ति और देशप्रेम के नारों से वातावरण गूंज उठा। इसके पश्चात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम, पर्यावरण संरक्षण का संदेश तथा शहीदों की



कुर्बानी पर आधारित नृत्य, गीत, भाषण, कविता और नाटकों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर तथा प्राथमिक और माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप शील्ड एवं पुरस्कार मुख्य अतिथि सरदार भायरे अध्यक्ष, योगेश पाटिल तथा सरपंच रानी चौहान की उपस्थिति में प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संस्था के शिक्षक विवेक जैन द्वारा ड्रोन के माध्यम से ध्वजारोहण का प्रदर्शन रहा। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षिका अनु श्रीवास के मार्गदर्शन में ग्राम प्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह में शासकीय हाई स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर तथा प्राथमिक व माध्यमिक शाला मसनगांव का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### बुद्ध पुत्र प्रवर्तक देव का दीक्षा दिवस तप, त्याग और सेवा के साथ मनाया

**अनोखा तीर, खिरकिया।** जिन शासन गौरव आचार्य प्रवर पूज्य उमेश मुनि जी महाराज साहब के आज्ञानवर्ती बुद्ध पुत्र प्रवर्तक देव पूज्य जिनेन्द्र मुनि जी महाराज साहब के 39वें दीक्षा दिवस तथा अनु वत्स पूज्य संयत मुनि जी के दीक्षा दिवस का प्रसंग तप और त्याग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खिरकिया श्रीसंघ की चंदना श्राविका संगठन द्वारा अन्नपूर्णा में नि:शुल्क भोजन केंद्र में निराश्रितों को भोजन कराया गया। पूज्यश्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त



करते हुए श्रीमती विजया रांका एवं सुनंदा कोचर ने संगठन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में सरोज बनवट एवं राजश्री मेहता ने भी अनुमोदना करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। श्रीमती संध्या मेहता एवं श्रीमती संगीता भंडारी ने पूज्यश्री के गुणों का स्मरण करते हुए ज्ञान, दर्शन और चरित्र में निरंतर अभिवृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शालू भंडारी एवं दीपाली सांड ने भी पूज्य गुरुदेव को शुभकामनाएं देते हुए उनके परम लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहने की भावना व्यक्त की। वहीं मौसमी मुनोत, पूर्वी श्रीश्रीमाल एवं रश्मि श्रीश्रीमाल ने भी पूज्य श्री के प्रति अपनी समर्पण व्यक्त की।

### सिंधखेड़ा में श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ

### भगवान श्रीकृष्ण जन्म की लीला का भावपूर्ण वर्णन

**अनोखा तीर, रहटगांव।** मलगाया परिवार द्वारा ग्राम सिंधखेड़ा में श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन सुश्री सुगना दीदी, उज्जैन वाली के मुखारविंद से किया जा रहा है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीला का भावपूर्ण वर्णन सुनाया गया। इस अवसर पर वसुदेव-देवकी के माध्यम से भगवान के अवतार की कथा को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर बड़ी



संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कथा आयोजन भारतीय किसान संघ के तहसील सदस्य गौरीशंकर मलगाया एवं सहयोगी समस्त ग्रामवासी सिंधखेड़ा के सहयोग से किया जा रहा है।

## यह कलयुग नहीं, कर्म युग है, माता-पिता की सेवा ही तीर्थ : पंडित दाधीच





**अनोखा तीर, टेमागांव।** ग्राम गड़ामोड में चल रही शिवपुराण कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित ललित किशोर दाधीच ने कहा कि वर्तमान समय कलयुग अवश्य है, लेकिन यह कर्म युग भी है। जैसा मनुष्य कर्म करता है, वैसा ही फल उसे प्राप्त होता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सोच-समझकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश में वृद्ध आश्रमों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। माता-पिता की सेवा करना ही सच्चा तीर्थ है। यदि आज की पीढ़ी अपने माता-पिता की सेवा करेगी, तो आने वाली संतान भी उनकी सेवा करेगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देना भी आवश्यक है। कथा के दौरान पंडित दाधीच ने भगवान श्री गणेश द्वारा माता पार्वती और महादेव की परिक्रमा किए जाने की कथा का वर्णन किया। साथ ही गौ माता की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गाय सड़कों पर भटक रही है, जो समाज के लिए विचारणीय विषय है। उन्होंने गौ सेवा का संकल्प लेने और उसे निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देवाधिदेव महादेव की आराधना से मनुष्य के जीवन के सभी कार्य सिद्ध होते हैं तथा रोग, दोष और संताप समाप्त होते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीगणेश का ऋद्धि-सिद्धि के साथ विवाह प्रसंग भी संपन्न कराया गया, इस अवसर पर आकर्षक झांकी सजाई गई। शिव पुराण कथा में प्रतिदिन क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए रुद्राक्ष से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जा रहा है। यह आयोजन गांव के भगवान सिंह चौहान परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथा का समापन 31 जनवरी को होगा। कथा में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

# शक्ति, सम्मान और स्वाभिमान

● नारी सशक्तिकरण का संदेश एवं ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर मनाया गणतंत्र दिवस



**अनोखा तीर, सोडलपुर।**

ग्राम सोडलपुर स्थित आदर्श बाल विकास हायर सेकेंडरी स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रगौरव से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह स्कूल प्राचार्य शिवकुमारी आंजने द्वारा ध्वजारोहण एवं सलामी के साथ की गई। इसके पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने अपने जोशीले और भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण के माध्यम से यह संदेश दिया कि आज का विद्यार्थी ही कल का राष्ट्रनिर्माता है। कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई, सरदार वल्लभभाई पटेल, राजगुरु, नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और बलिदान को प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से स्मरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में आयोजित यह समारोह अत्यंत अनुशासित, प्रेरणादायक और भावनात्मक रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में संविधान, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति सम्मान के साथ-साथ एकता और अखंडता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। समापन अवसर पर सभी विद्यार्थियों को लड्डू एवं मिठाइयां वितरित कर मुंह मीठा कराया गया तथा गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। पूरे विद्यालय परिसर में वंदे मातरम और भारत माता की जय के जयघोष गूंजते रहे।

## जनसेवा की मिसाल बनेगा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य, रक्तदान शिविर

**अनोखा तीर, टिमरनी।** नगर में जनसेवा और जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए पुनीत जायसवाल मित्रमंडल एवं नर्मदा अपना अस्पताल, नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शनिवार, 31 जनवरी सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सनातन धर्मशाला, शंकर मंदिर प्रांगण टिमरनी में आयोजित होगा। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट होता है कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि सेवा है। जब सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि एवं संस्थाएं मिलकर कार्य करती हैं, तो जनहित के कार्य धरातल पर साकार होते हैं। शिविर में भोपाल संभाग के अनुभवी एवं प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी जाएंगी। इसमें हड्डी एवं जोड़ रोग, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल मेडिसिन सहित विभिन्न रोगों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही नागरिकों के लिए निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच, आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण तथा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। आयोजकों द्वारा समाज के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सभी नागरिकों के लिए चाय एवं नाश्ते की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन को यह अनुभूति हो कि जनसेवा केवल नारे नहीं, बल्कि ज़मीन पर किया गया कार्य है। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अपने परिवारजनों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क शिविर का लाभ लें तथा रक्तदान कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें। आयोजकों का कहना है कि जब समाज, सेवा और सकारात्मक राजनीति एक दिशा में चलती हैं, तभी स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण संभव होता है। यह आयोजन उसी संकल्प का एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है। स्वस्थ समाज, सशक्त समाज की ओर एक संकल्पित कदम।

# कैकई ने मांगे वचन, राम को मिला वनवास

● विद्यना का ठानी रे मन में, राम सिया भेज दिए री वन में : रविशंकर गौर

**अनोखा तीर, रहटगांव।** ग्राम झाड़बीड़ा में चल रही रामलीला मंचन के चतुर्थ दिन दशरथ-कैकई संवाद, दासी मंथरा द्वारा कैकई को भ्रमित करना, राम वनवास तथा दशरथ मरण का भावपूर्ण मंचन प्रस्तुत किया गया। यह मंचन मंगलवार को शशि रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा किया गया। मंचन के दौरान दासी मंथरा ने रानी कैकई को यह कहकर भ्रमित किया कि यदि राम को राज्य मिला तो भरत का भविष्य क्या होगा। मंथरा की बातों से मतिभ्रमित होकर कैकई कोप भवन चली गई। राजा दशरथ के वहां पहुंचने और कोप का कारण पूछने पर रानी कैकई ने उन्हें दिए गए दो वरदानों की याद दिलाई। कैकई ने दशरथ से राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राज्य मांगा। कैकई के कठोर वचनों से राजा दशरथ अत्यंत व्यथित हो




गए। उन्होंने रानी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कैकई अपनी बात पर अड़ी रहीं। अंततः रघुकुल की रीति का पालन करते हुए राजा दशरथ ने कैकई को वरदान दे दिया। इसके बाद भगवान राम ने पिता के वचन का मान रखने के लिए सभी सुखों का त्याग कर वनवास ग्रहण किया। व्यास रविशंकर गौर द्वारा प्रस्तुत भजन 'विद्यना का ठानी रे मन में, राम सिया भेज दिए री वन में' ने दर्शकों की आंखों को नम कर दिया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से भावुक किया। इस दौरान मंच संचालक पवन गौर, सतीश सीटोके, सुरेश गौर, सत्यनारायण गौर, तोताराम गौर, लोकेश बागरे सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## समाधान योजना में सौ फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ लेने अंतिम 3 दिन शेष

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में सौ फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ लेने के लिए प्रथम चरण 31 जनवरी तक लागू है जिसमें अब केवल अंतिम 3 दिन शेष हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि में विस्तार किया गया है।

पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

## मोटर, वायर और स्टार्टर किए जब्त, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

-बकायादारों पर विभाग ने अपनाया कठोर रुख



**अनोखा तीर, करताना।** विद्युत वितरण कंपनी एवं बिजली विभाग की समाधान योजना 2025-26 के अंतर्गत बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल जमा नहीं करने पर रविवार को कंपनी की टीम ने विशेष वसूली अभियान चलाया। यह कार्रवाई करताना टीसी के अंतर्गत आने वाले गांव लछोरा और शमशाबाद में की गई। अभियान के दौरान 15 बकायादार उपभोक्ताओं के वायर और स्टार्टर जब्त किए गए, वहीं एक उपभोक्ता की पानी मोटर निकालकर जब्त की गई। इसके अलावा अन्य गांवों में भी बकायादार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। कंपनी के जेई रामकुमार मेश्राम ने बताया कि इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम धौलपुर, छीपानेर और नयागांव में भी विद्युत बिल बकायादार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 21 कृषि उपभोक्ताओं पर 4.39 लाख रुपये का बकाया पाए जाने पर स्टार्टर वायर जब्त किए गए तथा संबंधित गांवों की लाइन काटी गई। मौके पर ही 1.69 लाख रुपये की वसूली भी की गई। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि समाधान योजना का लाभ लेते हुए बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करें, ताकि अप्रिय कार्रवाई से बचा जा सके।

-संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ शताब्दी स्मृति वन का निर्माण किया

# सृष्टि सेवा संकल्प का अखिल भारतीय कार्यकर्ता विकास वर्ग संपन्न

**अनोखा तीर, गाडरवारा।**

पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन सृष्टि सेवा संकल्प का तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकर्ता विकास वर्ग वृंदावन गार्डन गाडरवारा में संपन्न हुआ। वर्ग में सात राज्यों एवं करीब 40 जिलों से चयनित कार्यकर्ताओं ने इस वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उद्घाटन सत्र में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय सचिव अभय महाजन ने संगठन के विस्तार पर कार्यकर्ताओं के गुणों पर प्रकाश डाला और कहा कि समर्पण अनुशासन और कुशल कार्य शैली एक अच्छे कार्यकर्ता के गुण होते हैं जिससे संगठन का विस्तार होता है। उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर माननीय न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने पर्यावरण संरक्षण पर संवैधानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा ग्वालियर के तीन बंजर पहाड़ों को हरा भरा कर करीब 26 हजार पौधे रोपित कर दिए गए। वर्ग में प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया जिसमें सृष्टि सेवा संकल्प के द्वारा किए गए




कार्यों का विस्तार से चित्रण किया गया था। जिसमें वर्ग के दूसरे दिन समाज जनों को आमंत्रित कर उनके बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में नीम करोली धाम के संस्थापक प्रमोद झा ने पर्यावरण को अध्यात्म से जोड़कर हिंदू धर्म में पर्वतों नदियों और पेड़ों का महत्व बताया। उन्होंने आगे कहा कि आज पर्यावरण सबसे ज्वलंत मुद्दा है, परंतु उस ओर लोगों का ध्यान नहीं है लगातार हम पर्यावरण को प्रदूषित करते जा रहे हैं और आने वाले समय में इसके घातक परिणाम साबित हो सकते हैं।

पौधारोपण एक इवेंट बन कर रह गया है, इससे हम पर्यावरण संरक्षण नहीं कर पाएंगे, पर्यावरण बचाने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, उद्योगपति विनीत माहेश्वरी, चेतन लूणावत, डॉक्टर स्वाति कुरचनिया, बसंती पालीवाल सहित बड़ी




संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। वर्ग के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यावरण शोभायात्रा भी निकाली गई नगर के लोगों द्वारा यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया। सृष्टि सेवा संकल्प के कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर नीलकुंड घाट पर संघ शताब्दी स्मृति वन का निर्माण किया गया। सौ वृक्ष जिसमें फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्षों को रोपित किया गया। वर्ग में संगठन की निर्वाचन प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशुमान सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री रितेश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष आनंद ठाकुर, प्रदेश मंत्री आशीष ठाकुर को निर्वाचित किया गया। वर्ग का कुशल संचालन विपिन सुगंधी, आशीष सोनी, सुनील श्रीवास्तव, रोहित ढ़िमोले, आशीष नीखरा, सौरभ रैकवार, संदीप साहू द्वारा किया गया।





## समाज के नगर अध्यक्ष बने दीपक गौर



**अनोखा तीर, रहटगांव।** नगर में बुधवार को गौर समाज की बैठक गौरव स्कूल में आयोजित की गई। बैठक सामाजिक न्याय समिति जिलाध्यक्ष हरदा प्रदीप गौर, न्याय समिति सदस्य राधेश्याम गौर, पूर्व जिला अध्यक्ष माखनलाल पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक रामस्वरूप गौर ने की, जबकि पर्यवेक्षण रामस्वरूप छपरया के सानिध्य में किया गया। बैठक के दौरान गौर समाज की ग्राम इकाई के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इसमें अध्यक्ष पद पर दीपक गौर (डुडी), उपाध्यक्ष संजय लोनिया, सचिव विजय गौर, सह सचिव राकेश गौर तथा कोषाध्यक्ष रामबालक गौर को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही जिला सदस्य के लिए ग्राम स्तर से 16 नाम प्रस्तावित किए गए। बैठक में समाज के संगठन को मजबूत करने और सामाजिक गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने पर भी चर्चा की गई।

## सार-समाचार

### शासकीय आदर्श कॉलेज में कंप्यूटर एवं टैली प्रशिक्षण का सफल समापन

**अनोखा तीर, हरदा।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय, हरदा में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा प्रायोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी कंप्यूटर व्यवहारिक टैली प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल द्वारा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. सोनाली चौहान ने बताया कि यह कंप्यूटर एवं टैली प्रशिक्षण शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को प्रदान किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, लगन एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण




किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 दिसंबर 25 से 28 जनवरी 26 तक संचालित किया गया, जिसे डॉ. सीवी. रमन यूनिवर्सिटी, खंडवा के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. उमेश शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी, खंडवा ने विभिन्न रोजगारपरक पहलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में कंप्यूटर ज्ञान के बिना आगे बढ़ना कठिन है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता को आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. स्वाति गुरु ने विद्यार्थियों को दिए गए प्रशिक्षण अनुभव साझा करते हुए जीवन में कंप्यूटर एवं टैली कौशल के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर एवं टैली का ज्ञान व्यापार, लेखांकन, जीएसटी, बिलिंग आदि क्षेत्रों में रोजगार की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सैद्धांतिक ज्ञान की अपेक्षा व्यावहारिक ज्ञान आज अधिक आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को लेखांकन, जीएसटी, बिलिंग तथा व्यावहारिक टैली कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे वे रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बालकृष्ण बिसनोई द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन प्रो. दिनेश ब्राम्हणे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. महेंद्र सिंह सिरोही, डॉ. अंतिमा कनेरिया, डॉ. सोनिका बघेल सहित समस्त सहायक प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रहटगांव तहसील में अधिकारी कर्मचारियों को दी ई-ऑफिस संचालन की ट्रेनिंग



**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार एनआईसी के नेटवर्क इंजीनियर सागर शर्मा ने बुधवार को रहटगांव तहसील में तहसीलदार कोर्ट व नायब तहसीलदार कोर्ट में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना और उन्हें दैनिक कार्यों में इस प्रणाली का निर्बाध रूप से उपयोग करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण में नायब तहसीलदार सुश्री रश्मि धुर्वे सहित तहसील के कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# वन मुख्यालय में पीसीसीएफ का पत्र बना विवाद की वजह

### प्रोटोकॉल तोड़ने के आरोप, स्टेनो के इनपुट पर सीनियर अधिकारी को लिखा पत्र



**गणेश पांडे, भोपाल।**

राज्य के वन मुख्यालय में इन दिनों एक पत्र को लेकर शीर्ष वन अधिकारियों के बीच असहजता और चर्चा का माहौल बना हुआ है। पीसीसीएफ (कैंपा) मनोज अग्रवाल द्वारा पीसीसीएफ अनुसंधान एवं विस्तार को भेजा गया एक पत्र अब प्रोटोकॉल और स्थापित प्रशासनिक परंपरा के उल्लंघन के आरोपों में घिर गया है। विवाद की वजह यह है कि यह पत्र कथित तौर पर स्टेनो के मौखिक इनपुट के आधार पर, बिना पुष्टि के, एक सीनियर अधिकारी को भेज दिया गया। हालांकि यह पत्र करीब 15 दिन पुराना है, लेकिन वन मुख्यालय में अब भी इसे लेकर लंच टाइम चर्चाओं और टी क्लब की बैठकों में लगातार टीका-टिप्पणी हो रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि क्या किसी स्टेनो की सूचना के आधार पर इस तरह सीधे दिशा-निर्देश जारी करना उचित था।

**स्टेनो के इनपुट पर उठा सवाल–** मुख्यालय में सवाल यह है कि क्या किसी स्टेनो की रिपोर्ट के आधार पर, बिना तकनीकी पुष्टि, वरिष्ठ अधिकारी को निर्देश देना प्रशासनिक रूप से सही है।अफसरों में यह भी चर्चा है कि कैंपा शाखा के स्टेनो नितिन माथुर शासकीय दौरे पर डिंडोरी गए थे। वहीं से उन्होंने डिंडोरी रोपणी क्षेत्र में सुधारात्मक कार्य की आवश्यकता की जानकारी दी। आरोप है कि इसी जानकारी के आधार पर पीसीसीएफ मनोज अग्रवाल ने बिना विभागीय पुष्टि के सीधे पीसीसीएफ अनुसंधान एवं विस्तार को पत्र जारी कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि इस तरह का पत्राचार प्रशासनिक अनुशासन और वरिष्ठता क्रम के विपरीत है, खासकर तब जब संबंधित अधिकारी 1992 बैच के वरिष्ठ आईएफएस हों।

**पहले भी उठ चुके हैं सवाल–** वन महकमे में यह धारणा भी चर्चा में है कि 1993 बैच के आईएफएस मनोज अग्रवाल जिस शाखा में पदस्थ होते हैं, वे अन्य शाखाओं की कार्यप्रणाली में अधिक दखल देते हैं। इससे पहले भी उन्होंने पीसीसीएफ संरक्षण को पत्र लिखा था। उस पत्र का संरक्षण शाखा से कड़े शब्दों में जवाब आया, जिसके बाद मामला अपर मुख्य सचिव (एसीएस) तक पहुंच गया था।

**जिम्मेदारी कैंपा की पर फोकस दूसरी शाखाओं पर –** वर्तमान में मनोज अग्रवाल के पास कैंपा और कार्य योजना जैसे अहम दायित्व हैं। कैंपा शाखा को लेकर पहले से ही वनीकरण क्षतिपूर्ति और वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आती रही हैं। विभागीय हलकों में यह सवाल भी उठ रहा है कि इन शिकायतों के निराकरण के बजाय उनका ध्यान अनुसंधान, संरक्षण और अन्य शाखाओं की कार्यशैली पर अधिक क्यों केंद्रित है?

**संरक्षण कार्यकाल पर भी चर्चा–** महकमे में यह पहलू भी चर्चा का विषय है कि प्रदेश में सबसे अधिक अवैध कटाई उस समय सामने आई, जब मनोज अग्रवाल के पास संरक्षण शाखा का प्रभार था। होशंगाबाद वन मंडल के छीपीखापा क्षेत्र में करीब ढाई करोड़ रुपये की अवैध कटाई का मामला भी उसी कार्यकाल में उजागर हुआ था।

**कैंपा पर लंबित शिकायतें–** कैंपा शाखा में पुराने मामलों के निराकरण के बजाय अन्य शाखाओं में हस्तक्षेप को लेकर असंतोष उभर रहा है। वन मुख्यालय में यह पत्र केवल एक प्रशासनिक संवाद नहीं, बल्कि अधिकार क्षेत्र, प्रोटोकॉल और कार्यशैली को लेकर गहराते मतभेदों का संकेत बन गया है। आने वाले दिनों में यह विवाद उच्च स्तर तक पहुंचता है या आंतरिक स्तर पर सुलझता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

**इनका कहना....**


इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। मैं इस विषय पर कोई चर्चा नहीं करूंगा।
**विभाष ठाकुर, पीसीसीएफ अनुसंधान एवं विस्तार**

# पौन घंटे की बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी

### -गरज-चमक और तेज हवाओं से जमीन पर बिछ गई फसलें

**अनोखा तीर, मसनगांव।**

आखिर जिसका डर था, वही हुआ। बीते दो दिनों से आसमान में छाए बादलों के कारण किसान बेमौसम बारिश को लेकर चिंतित नजर आ रहे थे। मंगलवार को दोपहर में घने काले बादलों को देखकर बारिश की आशंका बनी हुई थी। रात करीब 10 बजे तेज गरज-चमक के साथ शुरू हुई पौन घंटे की बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



पिछले आठ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ था। कभी बादल, कभी कोहरा और धुंध के चलते मौसम खराब बना रहा। मंगलवार रात मावठे की बारिश और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी चना, गेहूं और मक्का जैसी फसलें जमीन पर बिछ गईं। सबसे अधिक नुकसान सालाबेड़ी, खमलाय, करणपुरा, पाचातलाई, सोनतलाई, जामली सहित अन्य गांवों में देखा गया, जहां बारिश के साथ ओले गिरने से फसलों को भारी क्षति पहुंची है। वहीं मसनगांव ग्राम में भी किसानों के खेतों में लगी गेहूं, चना और मक्का की फसलें गिर गईं। आसपास के गांव कांकरिया, डोमनमऊ आदि क्षेत्रों में भी फसल खराब होने की सूचना है। सालाबेड़ी गाडगी की ओर के खेतों में खासा नुकसान हुआ है। ग्राम के किसान जितेंद्र रायखेरे, रामचंद्र चौधरी, गणेश बसिया, आयुष राठौर, सुनील मालवीय, गणेश चौधरी सहित कई किसानों के खेतों में लहलहाती गेहूं और चने की फसल हवा और पानी के कारण जमीन पर बिछ गई। सालाबेड़ी के किसान सुभाष विश्नोई, उमेश विश्नोई, दीपक रवीदास ने बताया कि सर्वाधिक नुकसान मक्का की फसल को हुआ है। मक्का की फसल में पौधा टूटने के बाद फल नहीं आता, जिससे पूरी फसल खराब हो जाती है। किसान सरदार मुकाती ने बताया कि गेहूं की फसल जमीन पर गिरने के बाद उत्पादन प्रभावित होता है, वहीं चने की फसल हवा से गिरने पर फूल और फल दोनों खराब हो जाते हैं, जिससे दाना ठीक से नहीं भर पाता। ऐसे में बेमौसम बारिश ने रबी सीजन की फसलों की हालत बिगाड़ दी है, जिसका सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। किसानों का कहना है कि मावठे की बारिश वज्रपात बनकर बरसी है।

● **राहत और बीमा राशि की मांग –** खरीफ सीजन की मुख्य फसल सोयाबीन के खराब होने के बाद रबी सीजन में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की आर्थिक स्थिति को और डगमगा दिया है। मंगलवार शाम तक खेतों में लहलहाती फसलें जमीन पर बिछ गईं, जिससे अच्छे उत्पादन की उम्मीद भी टूट गई। किसान इस वर्ष गेहूं की अधिकतम पैदावार 25 क्विंटल प्रति एकड़ मानकर चल रहे थे, लेकिन फसल खराब होने के बाद उत्पादन का आंकलन भी मुश्किल हो गया है। ग्राम के किसान बाजूलाल छलौत्रे ने बताया कि कुछ दिन पहले तक मौसम साफ रहने से गेहूं, मक्का, सरसों और चना जैसी फसलों के अच्छे उत्पादन की उम्मीद बनी हुई थी, लेकिन पौन घंटे की बारिश ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों ने प्रशासन से खराब हुई फसलों के लिए राहत राशि और बीमा का लाभ देने की मांग की है। इस संबंध में राजस्व विभाग के पटवारी दीपक भिलाला ने बताया कि किसानों द्वारा फसल खराब होने की शिकायतें मिलने पर खेतों का आकलन किया जाएगा और बीमा कंपनी के नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है।

## बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसल नुकसान

● **विधायक दोगने ने की तत्काल सर्वे और मुआवजे की मांग**

**अनोखा तीर, हरदा।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, आयुक्त नर्मदापुरम एवं हरदा कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर हरदा जिले में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों की खराब हुई फसलों का तत्काल सर्वे कराए जाने तथा बीमा एवं मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की गई है। हरदा विधायक द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि हरदा जिले में 27 जनवरी 26 की देर रात हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ग्राम सोनतलाई, कचबैड़ी, बिछोला, हनीफाबाद, पाचौला, सालाबेड़ी, सेनगुड, लोटिया, जामली, करनपुरा, धनगांव, खेड़ा, भवरतलाव, चौकी, डुमलाय, हीरापुर, बेसवां, कुसिया सहित हरदा जिले के अन्य ग्रामों में हजारों एकड़ कृषि भूमि पर लगी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। फसलें चौपट होने से किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि हरदा जिले में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित समस्त ग्रामों की सूची तैयारकर फसल नुकसानी का सर्वे तत्काल कराया जाए, जिससे किसानों को समय पर बीमा एवं उचित मुआवजा राशि प्रदान की जा सके और फसल क्षति से हुई आर्थिक हानि की भरपाई हो सके।



## पशु कल्याण जागरुकता माह के तहत होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**अनोखा तीर, हरदा।** कार्यालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला हरदा द्वारा 14 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक 'पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरुकता माह' मनाया जा रहा है, जिसके तहत जिले में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा हरदा अजय रामटेके ने बताया कि 29 जनवरी को हितग्राही संगोष्ठी एवं युवा संवाद के तहत प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय उपसंचालक के सभाकक्ष में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना एवं मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के आवेदकों व हितग्राहियों के साथ संगोष्ठी होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक लाल बहादुर शास्त्री पशुपालन पत्रोपाधि महाविद्यालय हरदा में उन्नत पशुपालन विषय पर 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 30 जनवरी को निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक पशु चिकित्सालय दूध डेयरी परिसर छीपानेर रोड हरदा में श्वानों के लिए निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर तथा 31 जनवरी को शाम 4 बजे से 6 बजे तक विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों पर चर्चा हेतु एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया जाएगा।

## भामसं के बैनरतले आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन सौंपा

**अनोखा तीर, हरदा।** आज भारतीय मजदूर संघ के बैनरतले स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों का ज्ञापन विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी एवं जिला मंत्री प्रबल पवार के द्वारा कलेक्टर महोदय को सौंपा गया। ज्ञापन में कर्मचारियों ने अपनी कई समस्याओं का उल्लेख किया और उनके निवारण की तत्काल आवश्यकता जताई। कलेक्टर ने कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में शामिल है कि कलेक्टर रेट के अनुसार तय की गई कुशल-अकुशल श्रेणी का भुगतान कर्मचारियों को नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा, शासन द्वारा श्रमिकों एवं कर्मचारियों में परिवर्तनशील महंगाई भत्ता 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवम्बर 2025 तक का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। आदेशों के अनुसार कर्मचारियों को साक्ष रूप में जॉब कार्ड दिया जाना चाहिए, परन्तु अभी तक कर्मचारियों को जॉब कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसी तरह कर्मचारियों को सैलरी स्लिप भी प्रदान नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त, ग्रेच्युटी बोनस का कोई लाभ भी कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है। ज्ञापन में कर्मचारियों की समय सारणी पर भी सुझाव दिया गया है, जिसमें महिला सुरक्षा और कर्मचारियों की सहमति को ध्यान में रखते हुए तीन शिफ्ट लागू करने की बात कही गई है। कर्मचारियों को महीने में चार छुट्टियाँ भी नहीं मिल रही हैं, और छुट्टी लेने के लिए उन्हें डबल ड्यूटी करनी पड़ती है तथा ओवरटाइम का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। साथ ही, वार्डों में कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण एक वार्ड के कर्मचारियों से दो या उससे अधिक काम कराया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

| हेल्प लाईन नंबर | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# रासेयो इकाई द्वारा 'मेरा वोट, मेरा भारत' जागरुकता कार्यक्रम आयोजित







**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा आदर्श महाविद्यालय, हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'मेरा वोट, मेरा भारत' विषय पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कृषि विकास ललित पटेल, उप जेल अधीक्षक माखन सिंह वर्मा तथा नेहरू युवा केंद्र की युवा अधिकारी मोनिका चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरदा आदर्श महाविद्यालय के संरक्षक आबिद अली ने की। कार्यक्रम के दौरान तिनका सामाजिक संस्था द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई तथा उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया और उपस्थित सभी लोगों को लोकतंत्र की रक्षा एवं मतदान करने की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक गणेश विश्वकर्मा, रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रभुदयाल उमरिया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तपिश सोलंकी, सहायक प्राध्यापक सुनील कुमार लौंगरे, योगिता गौर, प्रीति अग्रवाल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी छाया लोगरे, डॉ. सोनाली गौर, अंकिता यादव, सलोनी मालवीय, कविता धुर्वे, शैलेन्द्र यादव, महेंद सोलंकी, दीपक कुमार ठाटे, मनीष हुरमाले, नवीन दायमा, स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# संपादकीय

# हिमालय में बर्फबारी की देरी ने डराया...

आमतौर पर तापमान में थोड़े उतार-चढ़ाव को मौसम के लिहाज से एक सामान्य स्थिति माना जाता है, लेकिन इस वर्ष हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी में जिस तरह की देरी देखी गई, उस पर स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों का ध्यान गया है। हालांकि अब पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हुई है और इसकी वजह से देश के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है। मगर इस वर्ष पहाड़ी राज्यों में जिस तरह मौसम के मिजाज में बदलाव देखा गया, बर्फबारी की सामान्य अवधि में देरी हुई, उसका सीधा संकेत यही था कि अब जलवायु परिवर्तन का असर प्रत्यक्ष रूप में सामने आने लगा है। दरअसल, लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में वर्ष का पहला हिमपात हुआ। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला और कश्मीर में भी उम्मीद के मुकाबले करीब दो महीनों की देरी के बाद पहली बर्फबारी हुई। इसकी वजह से कड़ाके की ठंड अपने ज्यादा असर के साथ वापस लौट आई।

हिमालयी प्रदेशों में आमतौर पर नवंबर-दिसंबर में इस तरह के मौसम की संभावना होती है। इसे एक सामान्य चक्र माना जाता है, जिसके असर से दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ती है। मगर इस बार अब जाकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में बर्फबारी हुई है और इसके मद्देनजर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है।

जाहिर है, इन क्षेत्रों में एक बार फिर कुछ दिनों के लिए कड़ाके की ठंड लौट सकती है और इसी



के मुताबिक लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत पड़ेगी। मौसम की अपनी गति होती है और कई कारणों से उसकी अवधि आगे-पीछे हो सकती है। अगर इसके पीछे वजहें प्राकृतिक हों, तो यह ज्यादा चिंता की बात नहीं होती। मगर इससे इतर इस बार जिस तरह हिमालय के बड़े इलाके में बर्फबारी में दर्ज करने वाली गिरावट या कमी देखी गई, उससे साफ है कि वैश्विक ताप के नतीजे अब अपने व्यापक रूप में सामने आने लगे हैं। ऐसे अनेक आकलन आ चुके हैं, जिनके मुताबिक सदियों से भारत के जलवायु चक्र का आधार माने जाने वाला हिमालय आज एक चिंताजनक संकट से गुजर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमालय क्षेत्र में सर्दी के मौसम में भी औसत से काफी कम बर्फबारी हो रही है। खासतौर पर जिस मौसम में पहाड़ों को बर्फ से आच्छादित देखा जाता था, उस दौरान भी अब असामान्य रूप से बर्फबारी में देरी हो रही है।

यह गौरतलब है कि हिमालय के दायरे में पड़ने वाले क्षेत्रों में कई नदियों का उद्गम स्थल है और इस तरह पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों के बड़े हिस्से में खेती और लोगों की जीविका इन पर निर्भर रही है। मगर मानसून और जैव-विविधता का आधार रहा यह इलाका अब कड़ाके की ठंड में भी बिना बर्फ के सूखा रहने लगा है, जिसका असर पारिस्थितिकी पर पड़ना तय है। अब इसे मौसम में किसी सामान्य उतार-चढ़ाव के बजाय जलवायु परिवर्तन के नतीजे के तौर पर देखा जाने लगा है। वैश्विक ताप में बढ़ोतरी का एक परिणाम यह भी है कि ठंड के मौसम में अगर थोड़ी-बहुत बर्फबारी हो, तो भी वह पिघल जाती है। ऐसे में हिमखंडों में सिकुड़न भी एक स्वाभाविक नतीजा है और इसका असर पहाड़ों की स्थिरता पर भी पड़ेगा। शायद यही वजह है कि हाल के वर्षों में पहाड़ी इलाकों में आपदाओं का संकट भी गहराता गया है।

## साइबर क्राइम, डिजिटल फ्रॉड और शिक्षा अधिकार पर हुई कार्यशाला

**अनोखा तीर, टिमरनी।** भाऊ साहब भुस्कुटे शासकीय कॉलेज में जागो ग्राहक जागो के माध्यम से शुद्धता, साइबर क्राइम, डिजिटल फ्रॉड और शिक्षा के अधिकार पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार श्वेता बमहोरे और नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज, दीपक बनोरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने बच्चों और विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार के महत्व पर जोर देते हुए मोबाइल का इस्तेमाल पढ़ाई और जानकारी के लिए सीमित करने, डिजिटल फ्रॉड से बचने,



किसी के साथ ओटीपी या लिंक साझा न करने और सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य पदार्थ खरीदते समय बिल, एक्सपायरी और मैन्युफैक्चरिंग डेट की जांच करने, ब्रांडेड और शुद्ध उत्पाद लेने, गारंटी, वारंटी और रिप्लेसमेंट की जानकारी लेने पर भी विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। तहसीलदार श्वेता बमहोरे ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और मोबाइल का उपयोग केवल शैक्षिक एवं जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य पदार्थ धोते समय उपभोक्ता सतर्क रहे और सरकारी मूल्य पर उचित मूल्य पर उपलब्ध अनाज, चावल, गेहूं आदि समय-समय पर मिल रहे हैं या नहीं, इसकी शिकायत संबंधित समिति और खाद्य विभाग में की जा सकती है। जागो ग्राहक जागो के माध्यम से हरदा के कमल सोनी ने सोने की वस्तुएं खरीदते समय हॉलमार्क जांचने, 24 और 22 कैरेट की ज्वेलरी में केवल शुद्ध 24 कैरेट सोना लेने और बिचोलियों से सावधान रहने की जानकारी भी विद्यार्थियों को उदाहरण सहित दी। कार्यक्रम में गवर्नमेंट कॉलेज, उत्कृष्ट स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समस्त मुख्य अतिथियों, विशेष अतिथियों, पदाधिकारियों और कॉलेज स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। अंत में गवर्नमेंट कॉलेज द्वारा सभी अतिथियों और सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# वैकल्पिक भंडारण से बढ़ेगी गोदाम संचालकों की आय : गोविंद सिंह राजपूत


### -खाद्य मंत्री बोले, कार्यशाला औपचारिक नहीं, परिणाममूलक होना चाहिए

**अनोखा तीर, भोपाल।**

वर्तमान परिस्थितियों में अनेक वेयरहाउस अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, जिससे गोदाम संचालकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब वेयरहाउस का उपयोग केवल अनाज भंडारण तक सीमित न रहकर, उन्हें बहुआयामी व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। वैकल्पिक भंडारण से गोदाम संचालकों की आय बढ़ेगी। कार्यशाला औपचारिक नहीं, परिणाममूलक होना चाहिए। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश में वेयरहाउस की उपलब्ध क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने एवं गोदाम संचालकों को आय के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वेयर हाउस की आय वृद्धि के अन्य व्यावसायिक उपयोग विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में कही। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण में सप्लाई-चेन मैनेजमेंट और ऑपरेशन मैनेजमेंट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा यह कार्यशाला आयोजित की गई है, जिससे निजी निवेश से बने गोदामों में सरकारी अनाज भंडारण के साथ-साथ अन्य वैकल्पिक माध्यमों से भी आय अर्जन के अवसर विकसित किए जा सकें।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि शासन की नीतियों, नियमों एवं उपलब्ध योजनाओं की स्पष्ट जानकारी देकर गोदाम संचालकों को नीतिगत समर्थन प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ निवेश एवं व्यावसायिक





निर्णय ले सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की भंडारण एवं लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में निजी गोदाम संचालकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यशाला से प्राप्त सुझाव और नवाचार प्रदेश के वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को नई दिशा देंगे और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला अन्य स्थानों पर भी आयोजित की जाएगी।

**मप्र में खुले में अनाज नहीं रखा जाता : रश्मि अरुण शमी–** अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहाँ पर खुले में अनाज नहीं रखा जाता। प्रदेश में भण्डारण की क्षमता अधिक होने से वेयर हाउस संचालकों को कई बार आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कार्यशाला में विशेषज्ञ इसी विषय पर जरूरी मार्गदर्शन देंगे। कार्यशाला में आईआईएम मुम्बई के प्रो. वीपन कुमार और सुश्री सुमिता नारायण ने ट्रांसफार्मिंग पब्लिक गोडाउन्स टू प्रायवेट वेयर हाउसेस - केस ऑफ अदर स्टेट पर विचार व्यक्त किये। स्केलर स्पेस ऑफ मुसद्दीलाल ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. गोपाल मोर ने ओवरव्यू ऑफ प्रायवेट वेयरहाउसिंग मार्केट एण्ड अप्रोच टू सेटिंग अप प्रायवेट कामर्शियल वेयरहाउसेस इन द कंट्री पर चर्चा की।

सीबीआरसी दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर नितिन चंद्रा ने प्रायवेट वेयरहाउसिंग मार्केट - प्रिवेलिंग कॉमर्शियल स्ट्रक्चर्स एण्ड अल्टरनेटिव एवेन्यूज फॉर वेयरहाउस ओनर्स एण्ड बेनेफिट विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। एमपीआईडीसी के कन्सल्टेंट सुदीप शौर्य ने इन्सेन्टिव्स अवेलेबल अंडर एमपी लॉजिस्टिक्स पॉलिसी पर और डिलाइट के अनुराग गुप्ता ने वेयरहाउस मॉर्डनाइजेशन एण्ड ट्रांसफार्मिंग वेयरहाउसेस टू स्टेट ऑफ द ऑर्ट फेसीलिटीज पर चर्चा की। विशेषज्ञों द्वारा गोदामों में लॉजिस्टिक्स सेवाएँ, मल्टी-कमोडिटी स्टोरेज, ई-कॉमर्स सपोर्ट, पैकेजिंग, ग्रेडिंग, कोल्ड-चेन, मूल्य संवर्धन, वेयरहाउस ऑटोमेशन एवं डिजिटलीकरण जैसी आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही कृषि आधारित वेयरहाउस को कमर्शियल वेयरहाउस में परिवर्तित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। एमडी मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन अनुराग वर्मा ने कहा कि कार्यशाला में आए महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार कर इन्हें अमल में लाया जाएगा।

## प्रदेश में 43 हजार हैक्टेयर में हो रही है फूलों की खेती

### इंदौर पुष्प उत्पादन में प्रथम स्थान पर

**अनोखा तीर, भोपाल।** मध्यप्रदेश देश का प्रमुख पुष्प उत्पादक राज्य है। प्रदेश में 43 हजार 611 हैक्टेयर क्षेत्र में फूलों की खेती की जा रही है। प्रदेश में पुष्प उत्पादन में इंदौर जिला प्रथम स्थान पर है। इंदौर जिले में 4 हजार 826 हैक्टेयर क्षेत्र में फूलों की खेती की जा रही है। रतलाम द्वितीय स्थान पर है। इसमें 4 हजार 511 हैक्टेयर में फूलों की खेती की जा रही है तथा तृतीय स्थान उज्जैन जिले का है। इसमें 3 हजार 670 हैक्टेयर क्षेत्र में पुष्प उत्पादन किया जा रहा है। प्रदेश के लघु-सीमांत किसानों की आय को दोगुना करने में उद्यानिकी फसलों में फूलों की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य शासन का प्रयास भी फूलों के उत्पादन को व्यावसायिक स्वरूप प्रदान करना है। भोपाल में 30 जनवरी, 2026 को राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य प्रदेश में पुष्प उत्पादक कृषकों के साथ-साथ अन्य कृषकों को भी उन सफल पुष्प उत्पादकों से मिलवाना है, जिन्होंने फूलों के उत्पादन से अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है। मध्यप्रदेश में मुख्य रूप से गुलाब, गेंदा, रजनीगंधा, जरबेरा, लिली, कार्नेशन एवं आर्किड फूलों का उत्पादन किया जा रहा है। प्रदेश में चौथे स्थान पर सतना जिले में 2 हजार 541 हैक्टेयर तथा पाँचवे स्थान पर छिंदवाड़ा जिले में 2 हजार 44 हैक्टेयर में फूलों की खेती की जा रही है।

## साहित्यकार पार्क में कलामंदिर संस्था द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन



**अनोखा तीर, भोपाल।** अखिल भारतीय कला मंदिर संस्था, भोपाल द्वारा भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश के प्रथम साहित्यकार पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गौरीशंकर गौरीश ने की, जबकि परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया मुख्य अतिथि रहे। नगर निगम के वार्ड क्र. 31 की पार्षद श्रीमती बृजुला सचान, रामायण केंद्र के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, प्रतिष्ठित ओज कवि चौधरी मदन मोहन समर, कार्यकारी अध्यक्ष हरिवल्लभ शर्मा 'हरि' और सीहोर से आए आदित्य हरि गुप्ता भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना मिश्रा ने किया और कवि सम्मेलन का संचालन महासचिव वीके श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडारोहण से हुई, इसके बाद डॉ. गौरीशंकर गौरीश ने स्वागत भाषण देते हुए साहित्यकार पार्क के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों का उल्लेख किया। तत्पश्चात शासकीय माध्यमिक शाला दीपशिखा की छात्रा राशि जगेते ने भाषण प्रस्तुत किया, माही तागड़े ने देशभक्ति गीत, रजनी व साथी ने आदिवासी गीत, रिया शर्मा ने नृत्य और माही शर्मा ने 'आरंभ है प्रचंड' गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। माही शर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मदन मोहन समर ने उनकी शिक्षा का संपूर्ण खर्च उच्च शिक्षा तक वहन करने की घोषणा की। वहीं, शिवांश सरल ने तत्काल 1,000 रुपए से पुरस्कृत किया। शासकीय हमीदिया गर्ल्स हायरसेकंडरी स्कूल की छात्राएँ फरहीन एवं सूफिया ने भाषण, लक्ष्मी ने एकल नृत्य और हिमांशी एवं आफरीन ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें संतोष सोनी ने 'जय जय भारत भारती, भारत माँ की आरती', सरोज लता सोनी ने 'वंदेमातरम गाओ देश की शान निराली है', सुषमा श्रीवास्तव ने 'भारत देश महान है भारत देश महान', आदित्य हरि गुप्ता ने 'जो देश पर मरेगा वही अमर रहेगा', अरविंद प्रियदर्शी ने 'प्राण तज्य हैं अपने वतन के लिए', सीमा हरि शर्मा ने 'वंदेमातरम वंदेमातरम् वंदन हे भारत माता', बिहारी लाल सोनी 'अनुज' ने 'हमें अपना धर्म निभाना है', अरविन्द्र मिश्र ने 'सोचो लड़कियों के लिए', गोकुल सोनी ने 'जब युवा देश का खोया हो घंटों रीलों के चक्कर में', कैलाश मेश्राम ने 'सिंधु कावेरी गंगा कहे वंदेमातरम', मंजू पटवा ने 'धरती ने छेड़ा नया तराना, आया रे आया मौसम सुहाना', सुरेश पटवा ने 'बीस छब्बीस की देहरी पर समय खड़ा सवाल पूछता', श्रीराम माहेश्वरी ने 'साक्षी है अम्बर ये राम की धरा', डॉ. वंदना मिश्र ने 'स्वतंत्र देश की स्वतंत्र पताका', हरिवल्लभ शर्मा 'हरि' ने 'आज दुनिया के मुकाबिल है खड़ा हिन्दोस्तां', राजेश श्रीवास्तव ने 'राम नाम की छाँव मिले मैं ऐसा सर्वर ढूंढ रहा हूँ' प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मदन मोहन समर ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत वक्तव्य दिए एवं ओज का गीत 'जब तक धरती पर जल हवा रहे भारत माता का सम्मान रहे' प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.गौरीशंकर शर्मा 'गौरीश' ने भी एक सशक्त रचना पेश की।

## रबी विपणन 2026-27 के लिए गेहूं का पंजीयन 2 फरवरी से

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन 2026-27 के लिए गेहूं का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से 7 मार्च 2026 तक किए जाना है। विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार सिकमी/बटाईदार एवं वन पट्टाधिकारी के अनुबंध 2 फरवरी 2026 के पूर्व का होने पर ही पंजीयन हेतु मान्य होंगे एवं अनुबंध पर भू स्वामी और बटाईदार के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। सिकमी पंजीयन हेतु उचित मूल्य का स्टाम्प होना अनिवार्य है। जिला आपूर्ति अधिकारी हरदा ने किसानों से अनुरोध किया है कि सिकमी/बटाईदार एवं वन पट्टाधिकारी पंजीयन के समय भूमि के अनुबंध 2 फरवरी 2026 से पूर्व के ही प्रस्तुत करें ताकि सुगमता से पंजीयन किया जा सके।

# मनोबल की नांव है जीवन के तूफानों में सफलता का एकमात्र आधार

> जीवन एक अथाह समुद्र के समान है- कभी शांत, कभी उग्र। जीवन में परिस्थितियों की लहरें जब उठती हैं तो मनुष्य के भीतर छिपे भय, आशंकाएं और अनिश्चितताएं सतह पर आ जाती हैं। ऐसे प्रतिकूल समय में जो एकमात्र साधन हमें डूबने से बचाए रखता है, वह है मनोबल। मनोबल दरअसल उस नौका की तरह है जो भयंकर तूफानों के बीच भी हमें दिशा देती है, संतुलन सिखाती है और किनारे तक पहुंचने की उम्मीद बनाए रखती है।

**शिशिर शुक्ला**

साधन अल्प और अपर्याप्त हों, परिस्थितियां विपरीत हों तथा भविष्य धुंधला दिख रहा हो, फिर अगर मनोबल सुदृढ़ है, तो यात्रा की सफलता सुनिश्चित है। मनोबल कोई जन्मजात उपहार नहीं है, बल्कि यह अनुभवों, विश्वासों और मूल्यों से निर्मित एक जीवंत शक्ति है। यह आत्मविश्वास से थोड़ा-सा अलग है, लेकिन उसके साथ गहराई से जुड़ा है।

आत्मविश्वास अक्सर क्षणिक उपलब्धियों से पोषित होता है, जबकि मनोबल दीर्घकालिक धैर्य, संकल्प और आशा से निर्मित होता है। जब पराजय सामने खड़ी हो, तब क्षण भर के लिए आत्मविश्वास तो डगमगा सकता है, लेकिन मनोबल हाथ थामे रखता है और कहता है। आज प्रतिस्पर्धा की तीव्रता, सूचना का अतिभार, सामाजिक तुलना और त्वरित सफलता के दबाव ने मन को अस्थिर बना दिया है।

असफलता को जीवन का स्वाभाविक पड़ाव मानने के बजाय उसे यात्रा का अंत समझ लिया जाता है। इसलिए मनोबल की नौका बार-बार डगमगाती है। तूफान तो आएंगे ही। प्रश्न यह है कि हमारे मनोबल की नौका कितनी मजबूत है। जिसके जीवन में उद्देश्य सुस्पष्ट होता है, उसके लिए बड़ी से बड़ी कठिनाइयां और विषम परिस्थितियां भी अर्थपूर्ण हो जाती हैं। निश्चित और दिशायुक्त उद्देश्य संघर्ष को भी निश्चित



दिशा प्रदान करता है। उद्देश्य कोई बहुत विशाल लक्ष्य ही हो, यह आवश्यक नहीं है। उद्देश्य के रूप में ईमानदारीयुक्त श्रम, सेवा-भाव या आत्म-विकास का संकल्प भी हो सकता है। दूसरा महत्वपूर्ण आधार है अनुशासन और नियमितता। मनोबल आकस्मिक प्रेरणा से नहीं, बल्कि सतत और नियमित अभ्यास से सुदृढ़ होता है। समय पर उठना, कार्य को टालने की प्रवृत्ति से बचना तथा छोटे-छोटे लक्ष्यों को पूरा करना- ये सब मन के भीतर विश्वास का निर्माण करते हैं।

प्रत्येक कृतपूर्ण लघु लक्ष्य मनोबल की नौका में एक मजबूत पटरा जोड़ देता है। तीसरा आधार है- सकारात्मक संवाद। हम स्वयं से क्या कहते हैं, यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। नकारात्मक आत्मसंवाद मनोबल को भीतर से खोखला कर देता है। इसके विपरीत, यथार्थवादी और आशामय संवाद, जो कठिनाइयों को अंगीकार करते हुए समाधान खोजता है, मनोबल की नौका के लिए पतवार की भूमिका अदा करता है।

एक बात विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि यहां विवेकरहित आशा नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण तथा उद्देश्यपरक आशा की बात है। चौथा आधार है- परस्पर सहयोग, समन्वय और संबंध। मनोबल की नौका दरअसल एक पतवार से नहीं चलती। इसको गति प्रदान करने के लिए अनेक पतवारों का होना अनिवार्य है। परिवार, मित्र, समाज और सहकर्मी- ये सभी हमारे मनोबल की नौका के सहयात्री हैं।

संकट में साझा किया गया दुख परिमाण में आधा रह जाता है और साझा की गई आशा परिमाण में दोगुनी हो जाती है। समाज में संवाद और संवेदना का अभाव मनोबल को कमजोर करता है, इसलिए स्वस्थ संबंधों का निर्माण नितांत आवश्यक है। धैर्य व्यक्ति को समय के साथ तालमेल बिठाकर चलना सिखाता है, नौका को लहरों के साथ संतुलन में रखता है। धैर्य का अर्थ निष्क्रियता नहीं, निरंतर, लेकिन बिना विचलित हुए शांतिपूर्वक प्रयत्न है।

यह एक ऐसा अमूल्य गुण है जो व्यक्ति को थकान के क्षण में भी उत्साहपूर्वक एक कदम और बढ़ाने की शक्ति देता है। आध्यात्मिकता भी मनोबल की नौका को आवेग प्रदान करती है। यहां आध्यात्मिकता से आशय किसी संकीर्ण धार्मिक अर्थ में नहीं, बल्कि जीवन के व्यापक अर्थ-बोध के रूप में है। जब व्यक्ति अपने जीवन को किसी बड़े उद्देश्य से जोड़ता है, तब छोटी असफलताएं उसे तोड़ नहीं पातीं।

उद्देश्य की ओर देख कर ही मनोबल की दिशा तय होती है। बिना उद्देश्य के मनोबल क्षणिक एवं अस्थायी होता है, जबकि उद्देश्य के साथ वह दीर्घकालिक रूप ग्रहण कर लेता है। मनोबल की नौका की गतिशीलता को बनाए रखने के लिए स्वयं की देखभाल अनिवार्य है। शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, पर्याप्त विश्राम और ध्यान- ये सभी मन के महासागर में उठने वाली लहरों को शांत करते हैं। थका हुआ मन छोटी-सी चुनौती में भी घबरा जाता है, जबकि संतुलित मन बड़े से बड़े संकट का बखूबी सामना कर सकता है।

मनोबल की नौका हमें यह सिखाती है कि जीवन में तूफानों से बचना तो संभव नहीं है, लेकिन उनके बीच डूबना भी अनिवार्य नहीं। मनोबल गिरने के बाद उठने का साहस देती है, असफलता के बाद भी प्रयास की सततता के लिए प्रेरणा देती है। जब मनोबल सुरक्षित एवं सशक्त होता है, तब भविष्य भय का नहीं, संभावनाओं का समुद्र बन जाता है। आज के परिवेश में आवश्यकता है कि हम व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर मनोबल की नौका को सुदृढ़ करें, क्योंकि मजबूत मनोबल ही वह आधार है, जिस पर समृद्ध समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। लहरें आती रहेंगी, समुद्र भी उग्रता को धारण किए रहेगा, लेकिन मनोबल की नौका मजबूत है, तो यात्रा बिना किसी व्यवधान के अवश्य पूरी होगी।

## सार-समाचार

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत नागरिकों से लिए जा रहे आवेदन

**अनोखा तीर, खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में नागरिकों से संपर्क कर आवेदन प्राप्त



किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को अभियान के तहत जनपद पंचायत हरसूद के ग्राम पंचायत मोगल रैयत, बोरीसराय, चारखेड़ा, धारूखेड़ी, सिवारिया और पलानी माल में शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त किए गए। आवेदनों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों में अभी तक जिले में कुल 17,300 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभियान का प्रथम चरण आगामी 15 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा। प्रथम चरण में आवेदन प्राप्त कर द्वितीय चरण में इनका निराकरण किया जाएगा। द्वितीय चरण 16 फरवरी, से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक जारी रहेगा। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड स्तर के दलों में शामिल अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों के अलावा घर घर जाकर भी आवेदन प्राप्त करें। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवेदन संकलन की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं।

### जिपं सीईओ डॉ. गौड़ा ने ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा

**अनोखा तीर, खण्डवा।** जिला पंचायत खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बुधवार को पंधाना विकासखंड की ग्रामों पंचायतों जलकुंआ, सुतारखेड़ा एवं सिंगोट का दौरा कर मिशन अमृत संचय अभियान के अंतर्गत बनाये जा रहे रिचार्ज पिट एवं ट्रेंच निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। सीईओ डॉ. गौड़ा ने उपस्थित अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं निर्माण एजेंसियों को



निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के निर्धारित स्तर के साथ समय पर पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें एवं क्षेत्र का दौरा कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखें। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

### 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया जाएगा

**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाया जायेगा। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा इस अवसर पर समाज में मदिरा पान एवं प्रतिबंधित मादक पदार्थों के प्रयोग पर रोकथाम के लिए नागरिकों को प्रेरित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर नागरिकों से मदिरा पान त्याग ने के संकल्प पत्र भरवाये जायेंगे तथा मद्य पान न करने संबंधी शपथ दिलाई जायेगी। विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में इस दौरान सेमिनार, वर्कशाप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक, गीत, नृत्य जैसे आयोजन भी किये जायेंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उप संचालक सामाजिक न्याय को निर्देश दिए हैं कि 30 जनवरी को शासन के निर्देश अनुसार मद्य निषेध जागरूकता सम्बंधी कार्यक्रम आयोजित करें।

### खंडवा और मलगांव का दौरा

**अनोखा तीर, खण्डवा।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह 29 जनवरी को सुबह 10 बजे नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में फारेंसिक मेडिसिन एवं साइंस विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रें स के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मंत्री डॉ. विजय शाह रात्रि 8:30 बजे खालवा विकासखंड के ग्राम मलगांव में आयोजित श्री दाता साहब मेले के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे और कार्यक्रम की समाप्ति के बाद रात्रि 10:30 बजे मलगांव से खंडवा के लिए रवाना होंगे।

### कलेक्ट्रेट के ई दक्ष केंद्र में कार्यशाला संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के सौजन्य से एवं कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई-दक्ष केंद्र में मप्र लोक प्रदाय गारंटी अधिनियम 2010, सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण में सूचना



प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में एक दिवसीय ट्रेनिंग दी गई। जिला ई गवर्नेंस मैनेजर अनिल चंदेल ने बताया कि इस सेवोत्तम प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के सीएम हेल्पलाइन के एल-1 एवं एल-2 अधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रशिक्षक रितेश खेड़ेकर ने प्रशिक्षणार्थियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम एवं सीएम हेल्पलाइन के बारे में उपयोगी जानकारी दी।

# हम फाउंडेशन संस्था कलमकारों और समाज के रत्नों का करेगी सम्मान

● स्व. विमला चौधरी की स्मृति में पत्रकारिता और खेल जगत की प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

**अनोखा तीर, बड़वाह।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था हम फाउंडेशन भारत संस्कृति शाखा बड़वाह के तत्वाधान में आगामी 31 जनवरी को एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन कवर कालोनी स्थित सांई मंदिर के पीछे ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। उक्त आयोजन मालवा प्रांत की सह-संयोजक महिला सहभागिता प्रमुख स्व. श्रीमती विमला चौधरी की पावन स्मृति में आयोजित होगा। जिला संरक्षक प्रवीण श्रीमाली ने बताया कि कार्यक्रम प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराज वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। समारोह के मुख्य अतिथि खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में बड़वाह नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता और नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल मौजूद रहेंगे।

### राष्ट्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों की रहेगी विशेष उपस्थिति

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट निशिकांत चौधरी, प्रदेश महामंत्री मनीषा पाटिल, मालवा प्रांत अध्यक्ष राकेश जैन और कार्यकारी अध्यक्ष रवि पांडेय विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। आयोजन की कमान सह-संयोजक महिला सहभागिता प्रमुख आशा चौधरी और जिलाध्यक्ष अर्चना आरस के सहयोग से शाखा अध्यक्ष नीति देशवाली के नेतृत्व में संभाली जा रही है।

### इनका होगा भव्य सम्मान

समाज के विभिन्न स्तंभों को नवाजा जाएगा, जिनमें मुख्य रूप से (लोकतंत्र का चौथा स्तंभ) पत्रकार, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षिकागण। शासकीय शालाओं के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ी बच्चे। सामाजिक कार्य करने वाली संस्थाएं एवं प्रशासनिक अधिकारीगण।

उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले नागरिक और फाउंडेशन के पदाधिकारीयो का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे।

# सखी सहेली हल्दी कुमकुम कार्यक्रम किया आयोजित

एक दूसरे को तिल गुड़ खिलाकर दी शुभकामनाएं

**अनोखा तीर, बड़वाह।** स्थानीय बाफना धर्मशाला में पार्षद रजनी भंडारी व डॉ. समता भंडारी ने हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे 250 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा क्विज प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पार्षद रजनी भंडारी ने बताया कि महिलाओं ने देशभक्ति के गीत गाए।



महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाए और तिल गुड़ के व्यंजन खिलाकर मुंह मीठा करवाया। इसके साथ ही सुहाग की सामग्री एवं उपहार देते हुए उनके अखंड सुहाग की कामना की। इस उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज की महिलाओं के बीच आपसी मेलजोल को बढ़ावा देते हैं और नए विचारों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं।

# कलेक्टर ने ई-लाइब्रेरी के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया



**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के अलावा पीआईयू के कार्यपालन यंत्री एसके त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोमपाल सिंह भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य को समय सीमा में पूर्ण करें और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उल्लेखनीय है कि एसएन कॉलेज छात्रावास परिसर में विद्यार्थियों के लिए नीति आयोग द्वारा स्वीकृत ई-लाइब्रेरी भवन 2.15 करोड़ रुपए लागत से निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने ई-लाइब्रेरी भवन के बाहर वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने तथा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए निर्धारित मापदण्डों का पालन करते हुए रैंप का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-लाइब्रेरी परिसर में कैंटीन की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के छोटे बच्चों को स्कूल एवं आंगनबाड़ी में प्रवेश दिलाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

# मुख्यमंत्री ने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर किया नमन

**अनोखा तीर, भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी और 'पंजाब केसरी' के नाम से सुविख्यात लाला लाजपत राय की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनके बलिदान के प्रति यह राष्ट्र सदा कृतज्ञ रहेगा। श्रद्धेय लाला लाजपत राय ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया, जिसने लाखों भारतीयों को आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता करने की प्रेरणा दी।

नगर वन योजना या धन वन योजना

# नगर वन बना 'नजराना वन'

● कसरावद परियोजना कटघरे में, सामग्री खरीदी में भारी गड़बड़ी

● नियम विरुद्ध निविदाएं और श्रमिक भुगतान में हेराफेरी

**अनोखा तीर, खरगोन।** पर्यावरण सुधार और शहर वासियों को स्वच्छ व शांत वातावरण देने के उद्देश्य से शुरू की गई नगर वन योजना अब सवालों के घेरे में है। कसरावद वन परिक्षेत्र में संचालित इस योजना में लाखों रुपये के शासकीय धन के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायत में दावा किया गया है कि निर्माण सामग्री की खरीदी से लेकर श्रमिक भुगतान तक कई स्तरों पर नियमों को दरकिनार कर गड़बड़ी की गई। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह योजना हरियाली के नाम पर बंदरबांट का बड़ा उदाहरण बन सकती है। शिकायत के अनुसार कक्ष क्रमांक 1035 में 15 हेक्टेयर क्षेत्र में नगर वन विकसित करने हेतु लगभग 59.98 लाख का प्राक्कलन तैयार हुआ। निरीक्षण वर्ष 2022 में और कार्य 2023-24 में हुआ लेकिन इस दौरान राशि किस प्रकार खर्च हुई, इस पर पारदर्शिता नहीं दिखाई गई ऐसा आरोप लगाया गया है। निविदा प्रक्रिया पर संदेह दावा है कि सामग्री खरीदी के लिए वन मंडल खरगोन से निविदाएं जारी हुईं, परंतु तीन से अधिक निविदाएं प्राप्त करने के नियम के बावजूद केवल एक-एक निविदा ही ली गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि तुलनात्मक पत्रक के बिना ही स्वीकृति देकर सामग्री स्थानीय बाजार दर से अधिक कीमत पर खरीदी गई।

**▶ किन-किन फर्मों से खरीदी :** शिकायत में भारत स्टील (बामंदी), गरिमा इंटरप्राइजेज (खरगोन), कनक एंटरप्राइजेज (भोपाल), श्रीराम मशीनरी (खरगोन) आदि से गिट्टी, पत्थर शीट, रेडीमेड वॉल, पाइप, पम्पसेट, एडवेंचर सामग्री आदि खरीदे जाने का उल्लेख है। आरोप है कि भुगतान किस माध्यम से हुआ, यह मेजरमेंट बुक में स्पष्ट नहीं।

**▶ 'नक्षत्र गार्डन' सूखा, कुएं पर खर्च बेकार :** योजना के तहत नक्षत्र गार्डन बनाया गया, परंतु सिंचाई अभाव में पौधे सूख गए ऐसा दावा किया गया है। शिकायत के अनुसार 5 लाख की लागत से कुआं, पंपसेट,पाइपलाइन और विद्युत लाइन पर खर्च दिखाया गया, लेकिन इसका वास्तविक उपयोग संदिग्ध बताया गया है।

**▶ श्रमिक भुगतान में 'फर्जीवाड़ा' का आरोप :** शिकायत में कहा गया है कि प्रमाणकों में एक श्रमिक का नाम दर्ज कर अधिक संख्या दिखाकर भुगतान किया गया। आरोप है कि पूरा भुगतान एक विश्वसनीय व्यक्ति को करने के बाद में राशि वापस ली जाती थी।

### योजना में बंदरबांट

शिकायतकर्ता ने इसे शासन की आंखों में धूल झोंककर किया गया भ्रष्टाचार बताया है और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री से नगर वन योजना (कसरावद) की संपूर्ण तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक जांच कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का दावा है कि जांच में और भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण की योजनाएं जनता की उम्मीद से जुड़ी होती हैं। यदि इन योजनाओं में भी पारदर्शिता न हो, तो यह केवल धन की हानि नहीं, बल्कि विश्वास का भी क्षरण है। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि शासन इन आरोपों पर कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है।

# गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण निर्धारित समय पर

- खालवा विकासखंड की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अनोखा तीर, खंडवा।**

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के खालवा विकासखंड के अधिकारियों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बैठक में निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच निर्धारित समय पर की जाए। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के 9 माह के दौरान कम से कम 4 बार महिला का स्वास्थ्य परीक्षण गांव की स्वास्थ्य कार्यकर्ता व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आवश्यक रूप से किया जाए। यदि गर्भवती महिला के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान महिला को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या पाई जाती है तो विकासखंड या जिला स्तर पर स्थित अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण करा कर उसका उपचार कराया जाए ताकि प्रसव के समय परेशानी न हो।

संदलपुर के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत और डॉ. शक्तिसिंह राठौर के अलावा खालवा के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजरर्स भी मौजूद थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच संबंधी जानकारी विभाग के पोर्टल पर आवश्यक रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने एनीमिक गर्भवती महिलाओं के मामले में विशेष सावधानी बरतने के लिए चिकित्सा अधिकारियों व एएनएम को निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों और महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर्स को जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए कहा। बैठक में सेंधवाल ग्राम की एएनएम द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर कलेक्टर ने एएनएम साधना काशिव का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर्स से कहा कि कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कर उनका उपचार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में पलंग खाली न रहे। यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, क्षय रोग उन्मूलन, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम कार्यक्रम सहित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की।



### ये कैसा फेयरवेल? खुली जीप में फूहड़ गानों पर नाचते निकले लड़के-लड़कियां

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम ।** जिले के सिवनी मालवा नगर में सांदीपनी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने फेयरवेल पार्टी के नाम पर सड़कों पर स्टंट किए। सैकड़ों स्टूडेंट खुली जीप, कार और ट्रैक्टरों पर सवार होकर तेज डीजे की धुन पर मुख्य सड़कों से गुजरे। इस दौरान कई छात्राएं जीप के बोनट पर बैठी थीं। कई छात्र वाहनों के बंपर, बोनट और छत पर बैठकर खतरनाक तरीके से यात्रा निकालते दिखे।

**नियमों का कर रहे थे उल्लंघन :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी की। कई छात्र ट्रैक्टर और जीप के बंपर पर लटककर नाच रहे थे। इन हरकतों से न केवल छात्रों की जान खतरे में थी, बल्कि सड़क पर चल रहे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा हो गया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**प्रचार्य ने किया इनकार :** मामले में सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य ए.एस.राजपूत ने बताया कि फेयरवेल कार्यक्रम स्कूल परिसर के अंदर ही आयोजित किया गया था। उन्होंने सड़कों पर छात्रों द्वारा की गई हरकतों की जानकारी होने से इनकार किया। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यक्रम रद्द किया जा रहा है और ऐसे कृत्य में शामिल छात्र-छात्राओं को नोटिस जारी कर परीक्षा तक निलंबित किया जाएगा। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन. प्रजापति ने इस घटना को नियम विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि फेयरवेल पार्टी के नाम पर इस तरह का प्रदर्शन पूरी तरह गलत है। उन्होंने मामले की जानकारी लेकर संबंधित स्कूल और छात्रों पर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही।

31 जनवरी तक जमा करनी होगी अग्रिम राशि, राज्य हज कमेटी कार्यालय में भी जमा कर सकेंगे दस्तावेज

# हज-2026 के लिए प्रतीक्षासूची से 41 यात्रियों का चयन

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2026 के लिए प्रतीक्षा सूची की पांचवीं सूची जारी कर दी है। इस सूची में मध्यप्रदेश की प्रतीक्षासूची क्रमांक 2968 से 3008 तक के कुल 41 हज आवेदकों को प्रोविजनल रूप से चयनित किया गया है। चयनित हज यात्रियों को अग्रिम हज राशि 2 लाख 77 हजार 300 रुपए जमा करनी होगी। इसमें प्रथम किस्त 1 लाख 52 हजार 300 रुपए और द्वितीय किस्त 1 लाख 25 हजार रुपए शामिल हैं। राशि जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तय की गई है।

हज राशि हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट hajcommit-tee.gov.in या हज सुविधा ऐप के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग से जमा की जा सकती है।

इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में निर्धारित पे-इन-स्लिप के जरिए भी राशि जमा करने की सुविधा है। राशि जमा करते समय प्रत्येक हज यात्री को बैंक रेफरेंस नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। हज राशि हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग से जमा की जा सकती है। हज राशि हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग से जमा की जा सकती है।

राशि जमा करने के बाद प्रोविजनल रूप से चयनित हज यात्रियों को हज आवेदन फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति, आवश्यक दस्तावेज और मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस सर्टिफिकेट अपलोड करना होगा। ये दस्तावेज हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए जा सकते हैं या मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी कार्यालय हज हाउस ग्राम सिंगारचोली गुलमोहर गार्डन के पीछे एयरपोर्ट रोड भोपाल में 2 फरवरी 2026 तक जमा किए जा सकते हैं। हज कमेटी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में अग्रिम राशि और दस्तावेज जमा नहीं करने पर संबंधित हज यात्री की सीट निरस्त कर दी जाएगी। चयनित आवेदकों से समय-सीमा का सख्ती से पालन करने की अपील की गई है।



# डीपीसी डॉ. जायसवाल को मिला महासरस्वती सम्मान

## समेरिटंस विद्यालय में मंदिर के ठाकुर राजा ने किया सम्मानित

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शिक्षा विभाग के जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) डॉ. राजेश जायसवाल को इस वर्ष का महासरस्वती सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान प्रतिवर्ष अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा द्वारा शिक्षा, सेवा और समाजहित में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान सामान्यतः नर्मदा जयंती के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर में प्रदान किया जाता है, लेकिन उस दिन डॉ. जायसवाल व्यस्तताओं के कारण उपस्थित नहीं हो सके थे। इसके चलते बुधवार को समेरिटंस विद्यालय में एक सादे एवं गरिमामय समारोह के दौरान मंदिर के ठाकुर राजा द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि इस वर्ष महाकाली सम्मान डॉ. हर्षल कावरे को, महालक्ष्मी सम्मान माखननगर के सुरेश अग्रवाल को, महादुर्गा सम्मान बनखेड़ी के पूर्व सैनिक निरंजन वैष्णव को प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. राजेश जायसवाल ने कहा कि यह सम्मान वे भगवान के चरणों में समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु की प्रेरणा से ही श्रेष्ठ कार्य संभव हो पाते हैं और जीवन में सदैव अच्छे तथा सकारात्मक कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेरणा रावत, कॉर्डिनेटर आरके सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्राचार्य प्रेरणा रावत द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### श्री राजोरिया को एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य पर कलेक्टर ने किया सम्मानित



**अनोखा तीर, खातेगांव।** जनपद पंचायत खातेगांव के युवा एवं शासकीय सेवा में निष्ठा व समर्पण से कार्य करने वाले खंड पंचायत अधिकारी आरआर राजोरिया को सम्मानित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवास के निर्देशन एवं एसडीएम, तहसीलदार खातेगांव के मार्गदर्शन में निर्वाचन आयोग के एसआईआर के कार्य में पूर्ण रूप से व्यक्तिगत रुचि लेकर जनपद टीम के माध्यम से किए गए उत्कृष्ट एवं त्वरित रूप से किए गए कार्यों के लिए देवास कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र कर सम्मान किया गया। उनकी इस कार्यप्रणाली एवं प्राप्त सम्मान के लिए जनपद पंचायत टीम की तरफ से जनपद स्टाफ, सचिव, सरपंच एवं रोजगार सहायक संगठन तथा सभी अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी।

### सचिव संतोष साहू सम्मानित



**अनोखा तीर, माखन नगर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटगांव के सचिव संतोष साहू को गणतंत्र समारोह में सम्मानित किया गया। नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में श्री साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बताया गया कि संतोष साहू ने अपने समयावधि में कार्यालयीन कार्य पूर्ण किया है। इसलिए उनके सराहनीय कार्य को देखते हुए यह सम्मान दिया गया है।

### सीईओ जिपं ने माखननगर में ग्राम पंचायतों का किया औचक निरीक्षण

- सूरजकुंड में साफ-सफाई, पौधरोपण और घाट सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** जिले में जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने माखननगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा कला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय, शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था, पंचायत में संधारित अभिलेखों, ई-केवायसी, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, करारोपण सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। पाई गई कमियों को 15 दिवस के भीतर दूर कर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीईओ हिमांशु जैन ने ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा कलां में लगभग 3 किमी. पैदल भ्रमण कर गांव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने




साफ-सफाई, नालियों की उचित व्यवस्था तथा करारोपण को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से संवाद कर करारोपण के लिए प्रेरित किया और कर भुगतान से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी। इसके बाद ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा कला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। कक्षा में उपस्थित विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्होंने शिक्षा के उज्ज्वल अवसरों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही एआई आधारित शिक्षा प्रणाली को अपनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि किस प्रकार एआई के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है। सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत गुड़ला में नर्मदा नदी किनारे स्थित प्रसिद्ध सूरजकुंड स्थल पर पौधरोपण कर निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्थल की साफ-सफाई, अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा घाट को सुंदर एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आजीविका मिशन के सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र माखननगर का भी दौरा किया गया। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दीदियों से चर्चा कर उन्हें आजीविका गतिविधियों के माध्यम से जीवन स्तर मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। सीईओ ने माखननगर विकासखंड में आयोजित खंड स्तरीय खेल उत्सव में भी भाग लिया और बच्चों के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी शैलेश उके, जनपद सदस्य उमेश यादव, उपयंत्री मुकेश बुवाड़े, ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## - अरिहंत कॉन्वेंट विद्यालय में हुए समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

# विधायक ने गणतंत्र दिवस पर प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**अनोखा तीर, खातेगांव।** राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह नगर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में अरिहंत कॉन्वेंट स्कूल द्वारा 76वां गणतंत्र दिवस समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसी जैन ने की। समारोह के मुख्य अतिथि आशीष शर्मा, विधायक खातेगांव थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि ललित गुर्जर भाजपा मंडल अध्यक्ष, नरेंद्र चौधरी विधायक प्रतिनिधि एवं दयोदय गौशाला अध्यक्ष, डॉ. मोहन कोठारी कन्नौद, सुनील यादव नगर कांग्रेस अध्यक्ष, निलेश जोशी पूर्व नप अध्यक्ष, मनोज बज व्यवसायी संगठन प्रतिनिधि, योगेश खंडेलवाल, प्रमोद बहोरे उपस्थित मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। स्वागत भाषण विद्यालय के प्राचार्य सुदीप जैन ने दिए। इस अवसर पर विद्यालय के 40 वर्ष पूर्ण होने पर अरिहंत कॉन्वेंट स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक अर्पित शर्मा ने संस्था की विगत वर्षों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए भविष्य की योजनाओं का रोड मैप भी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विधायक आशीष शर्मा ने अपने उद्बोधन में संस्था के संचालक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को देश के वीर सपूतों के बलिदान एवं शौर्य के विषय में प्रेरणादायक जानकारी दी। विद्यार्थियों के विशेष आग्रह पर विधायक ने एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा शौर्य और वीरता पर आधारित एक लघु नाटिका का मंचन किया गया, जिसे शिक्षक प्रवीण एवं शिक्षिका संजीदा द्वारा तैयार किया गया था। इस नाटिका को दर्शकों एवं अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां भी दीं।



इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के लगभग 485 विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। साथ ही संजय सोनी, शिक्षका सालेहा, शिक्षका माही, अर्पित शर्मा, अभिषेक शर्मा एवं रचना प्रजापत को शिक्षण के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि ललित गुर्जर ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के अनुरूप जीवन जीना ही एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन महक जैन ने कुशलता एवं प्रभावशाली ढंग से किया। समारोह के उपरांत सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षक संजय सोनी ने माना। समारोह की सफलता में विद्यालय परिवार, शिक्षकगणों, विद्यार्थी एवं अभिभावकों का सराहनीय योगदान रहा।




### हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**अनोखा तीर, माखननगर।** नगर में मंगलवार को गणतंत्र दिवस आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मॉडल स्कूल में आयोजित संयुक्त कार्यक्रम में जप अध्यक्ष सावित्री बाई परनमे, नप अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार अनिल चौहान, माखन नगर थाना प्रभारी अनूप कुमार उईके, सभी पार्षदगण तथा पार्षद पतियों का भी स्वागत-सम्मान किया गया। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समस्त कार्यालय प्रमुखों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणतंत्र दिवस पर विभिन्न आयोजन किए गए।

## देवीधाम से लौट रहीं छात्राओं की स्कूटी डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, दो घायल

# सलकनपुर में दर्दनाक हादसा

**अनोखा तीर, बुधनी।** क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवीधाम सलकनपुर से दर्शन कर लौट रही छात्राओं की स्कूटी मंदिर रोड पर भैरव घाटी के समीप डिवाइडर से टकरा गई। इस भीषण सड़क हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दो अन्य छात्राएं घायल हो गईं। घटना बुधवार शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, स्कूटी पर तीन छात्राएं सवार थीं और किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों छात्राएं सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में स्कूटी चला रही नूपुर राठौर 22 वर्ष, पिता कैलाश राठौर, निवासी बालागंज नर्मदापुरम को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल नर्मदापुरम ले जाते समय उपचार के दौरान नूपुर राठौर ने दम तोड़ दिया। वहीं स्कूटी पर सवार प्रतिमा वामले 18 वर्ष को सिर में चोट आई है, जबकि नंदिनी महतो 18 वर्ष, पिता मिंटू महतो को हाथ-पैर में मामूली चोटें आई हैं। दोनों घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है और उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना हेलमेट और एक स्कूटी पर तीन सवारी जैसे नियमों के उल्लंघन के कारण एक होनहार छात्रा की जान चली गई। देवीधाम जैसे व्यस्त धार्मिक स्थल पर यातायात नियमों की सख्ती और जागरूकता की मांग एक बार फिर तेज हो गई है।

# सतपुड़ा के मढ़ई में स्वाद, सेहत और संस्कृति का संगम

## मिलेट फेस्टिवल बना आकर्षण का केंद्र

**अनोखा तीर नर्मदापुरम।** प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर सतपुड़ा नेशनल पार्क के मढ़ई गेट पर जिला प्रशासन एवं मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मिलेट फेस्टिवल सह आजीविका उत्पाद मेला का भव्य और सफल समापन हुआ। इस आयोजन में ग्रामीण स्व-सहायता समूहों की



महिलाओं द्वारा तैयार किए गए श्री अन्न (मोटे अनाज) के पौष्टिक व्यंजन और हस्तनिर्मित उत्पाद देशी-विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहे। फेस्टिवल में लगे फूड स्टॉल्स पर स्वास्थ्य और स्वाद का अनूठा संगम देखने को मिला। ज्वार, कोदो और कंगनी से बने पोहा ने पर्यटकों की पहली पसंद बनकर सबका दिल जीत लिया। वहीं मक्के और ज्वार की रोटी के साथ सरसों का साग और मशरूम की सब्जी के पारंपरिक स्वाद ने लोगों को खासा प्रभावित किया। मिष्ठान और स्नैक्स की श्रेणी में रागी का उपमा, कुरकुरे मुंगोड़े, मिलेट की खीर और ठंड के मौसम में विशेष तिल के लड्डूओं की खूब मांग रही। पर्यटकों ने इन व्यंजनों को न केवल स्वादिष्ट बल्कि सेहत के लिए भी लाभकारी बताया। मेले में आजीविका मिशन से जुड़े समूहों द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट और ईको-फ्रेंडली उत्पादों की भी बंपर बिक्री हुई। जूट व कपड़े के बैग, सजावटी सामान, खिलौने, मूर्तियां और घर की साज-सज्जा के उत्पादों को खरीदारों का अच्छा प्रतिसाद मिला। इसके साथ ही रसायन रहित दालें, बासमती चावल, सूखा मशरूम, घर का बना आचार, पापड़, चिप्स और बड़ी जैसे शुद्ध खाद्य पदार्थों की भी जमकर खरीदारी हुई। फूलों के पुनर्चक्रण से बनी ईको-फ्रेंडली अगरबत्ती ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टॉल्स पर वर्मी कंपोस्ट, प्रोम खाद और जैविक कीटनाशक भी उपलब्ध कराए गए, जिन्हें किसानों और बागवानी प्रेमियों ने खूब सराहा। जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले ने ग्रामीण महिलाओं को बड़ा बाज़ार उपलब्ध कराया और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम साबित हुआ। जिला परियोजना प्रबंधक आशीष शर्मा ने बताया कि जिले में 91 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाएं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं, जिन्हें लगातार प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, ताकि वे अपनी आजीविका गतिविधियों से सालाना कम से कम एक लाख रुपये की आय अर्जित कर सकें। मढ़ई में आयोजित यह मिलेट फेस्टिवल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और श्री अन्न के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा।



# मेकलसुता एकेडमी ने एनजीएसपी सीजन-8 खेल महोत्सव की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती

**अनोखा तीर, खातेगांव।** एनजीएसपी सीजन-8 खेल महोत्सव का आयोजन 10 से 24 जनवरी 2026 तक किया गया। इस महोत्सव में कक्षा 1 से 5, 6 से 8 एवं 9 से 12 वर्गों के लिए अलग-अलग श्रेणियों में सांस्कृतिक, बौद्धिक, इनडोर व आउटडोर खेलों तथा एथलेटिक्स सहित कुल 30 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन सभी प्रतियोगिताओं में मेकलसुता एकेडमी ने तीनों श्रेणियों में सहभागिता करते हुए सभी 30 इवेंट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय ने 23 स्वर्ण पदक, 13 रजत पदक एवं 16 कांस्य पदक अर्जित किए। अंक तालिका के अनुसार विद्यालय ने कुल 186 अंक प्राप्त किए, जिसके परिणामस्वरूप मेकलसुता एकेडमी ने पूरे क्षेत्र में एनजीएसपी सीजन-8 ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

यह ओवरऑल चैंपियनशिप कप क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र चौधरी एवं वीरेंद्र राजावत, नपं अध्यक्ष श्रीमती सारिका नरेंद्र चौधरी तथा एनजीएसपी स्पॉन्सर टीम द्वारा मेकलसुता एकेडमी को प्रदान किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के निदेशक सदासुख पटेल ने एनजीएसपी समिति एवं स्पॉन्सर टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को खेल, संस्कृति और बौद्धिक विकास के लिए सशक्त मंच प्रदान करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी ने विद्यालय के सभी शिक्षकों, खेल प्रशिक्षक महेंद्र, धनराज एवं सुश्री भावना, साथ ही अनुशासन व परिश्रम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन संतोष पटेल, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने मेकलसुता एकेडमी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

### एसआईआर लिस्ट में गलत तरीके से ली जा रही आपत्तियां, सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, इटारसी।** निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया मध्य प्रदेश में चलाई जा रही है। प्रशासन नागरिकों को इस बात के लिए आश्वस्त कर रहा है कि उनके साथ किसी भी



तरीके का कोई द्वेशपूर्ण या भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि लोगों को सहयोग दिया जा रहा है। लेकिन वहीं अब लगातार देखने में आ रहा है कि गलत नाम के जरिए ड्राफ्ट लिस्ट में नाम कटवाने के लिए कुछ लोगों द्वारा आपत्ति ली जा रही है, आपत्ति भी ऐसी के जो जहां का निवासी नहीं है वह भी दूसरी जगह के निवासियों पर आपत्ति ले रहा है। कुछ प्रकरणों में ये भी दिखा की आपत्तिकर्ता ये भी नहीं जानता है कि उसने किसके विरुद्ध आपत्ति जताई है।

# यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज सौंपेगा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

## कलेक्टर कार्यालय के पास शांतिपूर्ण प्रदर्शन आज

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज द्वारा गुरुवार 29 जनवरी को दोपहर 1 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण, क्षत्रिय सहित सभी सामान्य वर्ग के लोग एकत्रित होकर अपनी एकजुटता का परिचय देंगे। सवर्ण समाज के युवा अध्यक्ष आनंद थापक ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी तरह सामाजिक है, इसका किसी भी प्रकार से राजनीति से कोई संबंध नहीं है। यह कानून हमारे समाज और आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसका विरोध आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि आज इस कानून के खिलाफ आवाज नहीं उठाई गई, तो भविष्य में हमारे बच्चे हमें माफ नहीं करेंगे। यह कानून हमारे और हमारे बच्चों के भविष्य को प्रभावित करने वाला है, इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की उपस्थिति जरूरी है। सवर्ण समाज द्वारा सभी सामाजिक बंधुओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की गई है। युवा अध्यक्ष आनंद थापक ने कहा कि समाज को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी होगी। युवा शक्ति की जागरूकता से ही समाज सशक्त बनेगा और समस्याओं का समाधान संभव हो पाएगा।

## सार-समाचार

### राजेंद्र शर्मा का आसामयिक निधन

**अनोखा तीर, कांटाफोड़।** ब्राह्मण समाज के राजेंद्र शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। ज्ञात हो कि राजेंद्र शर्मा नर्मदा मंदिर के सेवा भावी सदस्य रहे हैं। उन्होंने गुरू गोविन्द मंदिर निर्माण के साथ ही मंदिर परिसर की व्यवस्था के लिए समिति के साथ मिलकर सराहनीय सेवाएं दीं। उनके निधन की खबर से नगर में सन्नाटा सा पसर गया। स्व. राजेंद्र शर्मा अनुराग शर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष एवं पार्षद अनिरुद्ध शर्मा के पिता थे। मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार में नगरवासियों की बड़ी उपस्थिति ने उनके प्रति सम्मान और अपनत्व को दर्शाया। मुक्तिधाम पर श्रीनिवास तिवारी कैलाश अमोदिया, ब्रजमोहन तिवारी, दलजीत भाटिया, रुपेश शर्मा, विजय जोशी, विश्वास परसाई, सुनील पटेल, सुशील पसारी, धर्मेंद्र जोशी, सुन्दरलाल जायसवाल, बालकृष्ण शर्मा, राज टुटेजा, कैलाश बाल्दी, सत्यनारायण शर्मा, संतोष चौबे, जैकी भाटिया, मुकेश चौबे, अजय पाराशर, शैलेश जायसवाल, सलभ गोरानी, प्रिंस भाटिया, पवन उपाध्याय, सोहन राठौर, मनीष शर्मा, अमित जोशी, मनीष पंचोली, चेतन घावरी, सुनील राठौर, आशुतोष पाराशर, विजय तिवारी, मुकेश जायसवाल, शिव परमार, बलिराम शर्मा, लोकेश तिवारी, सौरभ तिवारी, मनीष मालवीया, अंकित जोशी सहित अन्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### मनरेगा बचाओ महा संग्राम : जिले के कई गांवों में जनसंवाद एवं ग्राम चौपाल आयोजित



**अनोखा तीर, देवास।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, जिला देवास द्वारा देवास विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जीवाजीपुरा, लसुल्डिया सोडा, नरसला एवं बोरखेड़ी फत्तू में मनरेगा बचाओ - महा संग्राम जन संवाद ग्राम चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए और मनरेगा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के विचार, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के प्रयास, तथा डॉ. मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लागू किए गए मनरेगा कानून के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश महामंत्री ठा. जय सिंह, जिला राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह देवड़ा, ऊंकार सिंह (सरपंच), दरबार सिंह, जनपद सदस्य रमेश राजोरिया, पूर्व सरपंच जितेंद्र सिंह कवड़ी, गजराज सिंह गोहिल, धन सिंह सोलंकी, अफजल, जितेंद्र शर्मा सालमखेड़ी, डॉ. गजेंद्र सिंह, तूफान सिंह मांगरौला, दरबार सिंह मांगरौला, मनोहर सिंह डोडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ज्योतिष सम्मेलन में पं. संदीप शास्त्री ज्योतिष रत्न से सम्मानित

**अनोखा तीर, देवास।** श्री दुर्गा ज्योतिष व रत्न अनुसंधान, इंदौर के तत्वावधान में हाल ही में एक भव्य ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी समारोह में ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पं. संदीप शास्त्री का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. हरीओम जोशी एवं सचिव प्रकाश गौड़ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देश-विदेश के विख्यात विद्वानों और ज्योतिषाचार्यों ने सहभागिता की। उपस्थित विद्वानों ने समाज कल्याण के उद्देश्य से अपने-अपने नवीनतम शोध और गणनाएं प्रस्तुत की। ग्रह-नक्षत्रों का प्रभाव : एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण सम्मान ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में पं. संदीप शास्त्री ने ज्योतिष को विज्ञान से जोड़ते हुए एक सटीक उदाहरण प्रस्तुत किया। पं. शास्त्री ने सम्मेलन में उपस्थित विद्वानों से एक विशेष अपील भी की। उन्होंने आग्रह किया कि ज्योतिष को केवल भविष्यफल तक सीमित न रखकर इसे सामाजिक सुधार और प्रकृति संरक्षण से जोड़ा जाए। लोगों को ऐसे सरल उपाय बताएं जिनमें कम खर्च लगे। उपायों के माध्यम से जल की बचत और पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दें। पारिवारिक समरसता ऐसे मार्गदर्शन दें जिससे परिवारों और रिश्तों में मधुरता आए।




### कौशल और भाषा प्रशिक्षण से युवाओं को विदेशों में मिलेगा रोजगार : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**अनोखा तीर, भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने बताया कि अब युवाओं को केवल जापान ही नहीं, बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इसके लिए युवाओं को नियोजक की मांग के अनुरूप डोमेन-स्पेसिफिक स्किल, सॉफ्ट स्किल एवं संबंधित देश की भाषा का गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद चयनित युवाओं का विदेश में नियोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद ने पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना-2022 के नाम एवं प्रावधानों में संशोधन को स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह योजना अब अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिये विदेश में रोजगार नियोजन योजना-2026 के नाम से लागू की जाएगी। योजना के तहत प्रतिवर्ष अन्य पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को प्रशिक्षण देकर विदेश भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के संचालन के लिये विभागीय बजट के साथ-साथ सोशल इम्पैक्ट बॉन्ड तथा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी निधि के उपयोग का भी प्रावधान किया गया है, जिससे शासकीय कोष पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। योजना का क्रियान्वयन भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम अथवा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त अन्य संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा। युवाओं के विदेश भेजने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय द्वारा जारी परामर्शों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# अंधे कत्ल का खुलासा : सावंगी नदी पुलिया से फेंके गए युवक की हत्या का पर्दाफाश

### हत्या के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**अनोखा तीर, बैतूल।** थाना आठनेर पुलिस द्वारा एक अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए हत्या के आरोप में पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जनवरी 2026 को पुलिस को थाना आठनेर क्षेत्र अंतर्गत बैतूल रोड सावंगी नदी मांडवी पुलिया के नीचे एक अज्ञात युवक का शव पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना प्रभारी आठनेर निरीक्षक विजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं घटना की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल को सुरक्षित कराया गया और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। मृतक की पहचान राजेश आज़ाद के रूप में हुई। मृतक के परिजन कृष्णा आज़ाद की सूचना पर थाना आठनेर में मर्ग क्रं 05/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक बैतूल के निर्देशानुसार एएसपी श्रीमती कमला जोशी, एसडीओपी भैंसदेही भूपेन्द्र सिंह मौर्य तथा सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा टीम के साथ घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। मौके से साक्ष्य संकलन, फोटोग्राफी एवं तकनीकी परीक्षण की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा प्रकरण के शीघ्र खुलासे के लिए एएसपी के निर्देशन एवं एसडीओपी के पर्यवेक्षण में विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के कथनों के आधार पर थाना आठनेर में अपराध क्रं19/26 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में तथ्य सामने आए कि 19- 20 जनवरी की मध्यरात्रि लगभग 01.30 बजे मृतक राजेश आज़ाद का आरोपी नारायण खंडाइट एवं उसके पुत्र ओम खंडाइट से विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपियों द्वारा मृतक के साथ मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में राजेश आज़ाद को मोटरसाइकिल पर बैठाकर मांडवी जोड़ पुलिया ले जाया गया, जहां आरोपियों द्वारा हत्या की नीयत से उसे पुलिया से नीचे फेंक दिया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# एक्सीलेंस स्कूल चिचोली के ग्राउंड को बनाया डंपिंग यार्ड, खड़ी की मशीनरी

- **ठेकेदार की मनमानी से परेशान हो रहे विद्यार्थी**

**अनोखा तीर, बैतूल।** चिचोली के सरकारी स्कूल के ग्राउंड को भी ठेकेदार ख़ानदानी जागीर समझ रहे हैं। जहां पर बड़े-बड़े अवैध डंप, बड़ी-बड़ी मशीनरी रख रखी है। जिसकी शिकायत के बावजूद प्रशासन नहीं जाग रहा है। लगभग 1 साल हो गया है। आज तक कोई कार्यवाही न होना या इस अवैध डंप को मौन स्वीकृति दी हुई है। इस मामले में जब सहायक आयुक्त से बात करने पहुंचे तो उनके होशंगाबाद पेशी पर होने की बात सामने आई। वहीं प्रभारी सहायक आयुक्त एसके



इस मामले को लेकर पूर्व में भी कांग्रेस ने 2 दिवसीय सत्याग्रह किया था, लेकिन अब तक ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। दरअसल मामला जनपद पंचायत चिचोली का है, जहां शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के ग्राउंड में रोड के ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से गिट्टी और रेत का डंप कर रखा है। साथ ही निर्माण के लिए बड़ी बड़ी मशीनें भी इसी ग्राउंड में खड़ी हुई हैं। जिसके कारण स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस ओर स्कूल प्रबंधन का कोई ध्यान ही नहीं है, वहीं यहां पर नगरपालिका के सफाई वाहन से लेकर फायर ब्रिगेड तक इसी ग्राउंड में खड़े रहते है। पर स्कूल प्रबंधन और आदिमजाति कल्याण विभाग का इस ओर ध्यान ही नहीं जा रहा है। जबकि डंप को जैन ने बताया कि हमारे द्वारा नगरपरिसद को अवगत करवाया गया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब यह काम ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है तो ठेकेदार पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। हर बार की तरह प्रभारी क्यों जिम्मेदारों को बचाते हैं, जबकि एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य को ये बहुत अच्छे से पता है कि स्कूल ग्राउंड में मटेरियल किसने और कब रखा है और इसकी मौन स्वीकृति भी दी गई है। पर विभागीय अधिकारी इस बात को दबाने में लगे हुए हैं और लीपापोती का दौर शुरू हो गया। अब देखना यह होगा कि इस पूरे मामले में जिले के तेजतर्रार कलेक्टर क्या कार्यवाही करते हैं या इसी तरह बच्चों के खेलने के मैदान का उपयोग ठेकेदार मनमर्जी से करते रहेगा।

# धर्मशाला कार्यालय हुआ शुभारंभ

### विधायक शर्मा ने टीन शेड के लिए दिए 10 लाख

**अनोखा तीर, नेमावर।** नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर स्थानीय धर्मशाला में सेंधव राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि आशीष शर्मा विधायक कन्नौद-खातेगांव विधान सभा व विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सैंधव एवं देवनखेड़ी से अनार सिंह पड़ियार, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह कप्तान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेन्द्र सिंह चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज केन्द्रीय कमिटी उज्जैन ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अनार सिंह चौहान, चंद्रपाल सिंह दरबार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह सोनगरा, कृपाल सिंह अगेरा, पवन सिंह ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष, पवन सिंह पटेल सचिव, धर्मेन्द्र सिंह आमलाताज नरेंद्र सिंह, आष्टा धर्मशाला अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, कुमेर सिंह ठाकुर माड़साब, सुरेन्द्र सिंह मंत्री, जितेन्द्र सिंह राणाजी आदि व खातेगांव विधानसभा में निवासरत सामाजिक बंधु प्रत्येक गांव से प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में नेमावर धर्मशाला कार्यालय का शुभारंभ बाबासाहब अनार सिंह पडियार द्वारा किया गया। तथा सभी क्षेत्रवासी व ट्रस्टियों के आग्रह पर क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा द्वारा धर्मशाला टीनशेड के लिए 10 लाख रुपए की राशि की घोषणा की गई। बैठक में सेंधव राजपूत क्षत्रिय समाज के सामाजिक ट्रस्ट उज्जैन के लगभग सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। संचालन चेतन सिंह जी ने व आभार नेमावर धर्मशाला अध्यक्ष रवींद्र सिंह दरबार ने व्यक्त किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी केंद्रीय कमेटी उज्जैन गोपाल ठाकुर भंवरी कलां द्वारा दी गई।



# आदिवासियों से हुई धोखाधड़ी मामले में कलेक्टर से मिला किसान मोर्चा

### कलेक्टर ने दिया जांच का आश्वासन

**अनोखा तीर, बैतूल।** जिले में आदिवासी किसानों के साथ हुई धोखाधड़ी मामले में भाजपा किसान मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को कलेक्टर से मुलाकात कर मामले की गंभीरता से अवगत कराकर सुक्ष्मता से जांच का निवेदन किया। मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल ने बताया कि यह धोखाधड़ी जिले में घटित एक अत्यंत गंभीर, निंदनीय एवं चिंताजनक प्रकरण है। बैतूल जिले के आदिवासी अंचलों में एक व्यक्ति द्वारा ट्रैक्टर फाइनेंस के नाम पर आदिवासी परिवारों के साथ सुनियोजित ढंग से बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साठगाठ कर धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित आदिवासियों की शिकायत के अनुसार, संबंधित व्यक्ति ने उन्हें झांसे में लेकर उनके नाम पर ट्रैक्टर फाइनेंस करवा लिया, किंतु न तो उन्हें ट्रैक्टर प्रदान किए गए और न ही इस पूरे वित्तीय लेन-देन की कोई जानकारी दी गई। इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित परिवारों को बैंकों से वसूली के नोटिस प्राप्त होने लगे। इससे आदिवासी परिवार मानसिक तनाव, भय और आर्थिक संकट में आ गए हैं। यह प्रकरण केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के साथ किया गया गंभीर शोषण और अन्याय है। ऐसे मामलों में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता की विधिवत सुक्ष्मता से जांच कर आदिवासियों को प्रताड़ित करने से रोका जाए। इस पर कलेक्टर ने जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# मां नर्मदा जन्म उत्सव पर महाआरती के साथ भंडारा संपन्न, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**अनोखा तीर, देवास।** जिला रेत व्यापारी एसोसिएशन द्वारा मां नर्मदा जन्म उत्सव के पावन अवसर पर विशाल महाआरती एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेत व्यापारी संघ के वरिष्ठजन, विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी तथा व्यापारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय गेहलोत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वरिष्ठ सदस्य नितेश मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती से मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विनय सांगते, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय दायमा ने किया। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर वातावरण में हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा की आराधना की तथा महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां नर्मदा हमारे जीवन, आजीविका और संस्कृति का आधार है। उन्होंने कहा कि नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था और अस्तित्व का प्रतीक है, इसलिए उनका संरक्षण हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान मां नर्मदा को राष्ट्रीय नदी घोषित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। उपस्थित सभी लोगों ने मां नर्मदा के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता के लिए सामूहिक संकल्प लिया और इस दिशा में निरंतर कार्य करने का आश्वासन दिया।



# कांग्रेस ने हर्षोल्लास से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

### जिलाध्यक्ष डागा ने निष्ठावान कार्यकर्ता रमेश वाघमारे से कराया ध्वजारोहण

**अनोखा तीर, बैतूल।** बैतूल जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। गांधी चौक पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा ने एक सराहनीय पहल करते हुए पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता रमेश वाघमारे से ध्वजारोहण कराया, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह और सम्मान की भावना देखने को मिली। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जगदीश गोचरे ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का संदेश वाचन किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा, प्रदेश कांग्रेस सचिव समीर खान, वरिष्ठ नेता बीआर खंडाग्रे, जीआर गलफट, धनराज पगारिया, डॉ. एनआर साबले, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज कालू आहूजा, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार चौबे, पूर्व अध्यक्ष मोनू बड़ोनिया, प्रशांत राजपूत, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश गोचरे, यतीन्द्र सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश गायकवाड़, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संजय सरदार यादव, विधानसभा अध्यक्ष प्रीतेश गंगारे, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जैद खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोनिका निरापुरे, पुष्पा पेंद्राम, सेवादल के जिलाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, महामंत्री लोकेश पगारिया, प्रशांत मरोठी, रामशंकर साबले, अजाबराव झरबड़े, आनंद चौधरी, सत्तार अली, बंडू कुंभारे, शेख असलम, पंढरी पंडाग्रे, जमुना पंडाग्रे, सुनिल जेधे, शंकर अड़लक, रशीद कुरैशी, नवलसिंह ठाकुर, प्रफुल्ल गोठी, उषभ गोठी, रजनीश मंगू सोनी, सोमेश त्रिवेदी, सुरेश घोड़की, आलोक चौरसिया, रूपसिंह ठाकुर, कदीर खान, संतोष वाघमारे, ओमप्रकाश उच्चसरे, सुखराम पंडाग्रे, सुधा मायवाड़, सुशीला तिवारी, मोहसिन पटेल, दानिश पारेख, सरफराज खान, शैलेश्वर गायकवाड़, अतुल शर्मा, जितेन्द्र महाजन, प्रेरणा शर्मा, विनोद सोनी, सोनू धुर्वे, सुनिल कवड़े, सलाम भाई, तरूण पाटिल, संतोष मोरे, अंकित वर्मा, राहुल परते, अभय वर्मा, विजय मोखड़े, हरीश लिखितकर, राकेश गुप्ता, अनिल मगरकार, सोनू राठौर, उदल जयसिंहपुरे, गोलू सोनी, पंकज मिश्रा, शेख आकिब, राजा सोनी, अरूण सोनी, अशोक नागले, श्यामलाल खातरकर, प्रकाश सातनकर, जितेन्द्र महाजन, वसीम खान, संजय सरदार दुबे, निखिल अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसआईआर निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य के लिए गंभीर यादव सम्मानित



**अनोखा तीर, नेमावर।** भारत निर्वाचन आयोग अंतर्गत एसआईआर 2025-26 में निर्वाचन शाखा के उत्कृष्ट कार्य संपादन करने पर नगर परिषद् नेमावर के गंभीर यादव को सम्मान प्राप्त हुआ है। यावद को कलेक्टर जिला देवास ऋतुराजसिंह द्वारा एसडीएम खातेगांव प्रवीण प्रजापति, मंडी सचिव खातेगांव, निर्वाचन सुपरवाइजर अशोक टेलर एवं अतिथिगणों के माध्यम से राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस पर शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री यादव को सम्मानित होने पर नगर परिषद् अध्यक्ष कृष्णगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष ठा. राजपालसिंह तोमर, मंगलेश यादव, प्रवीण हथेल, सीएमओ आनंदीलाल वर्मा, लेखापाल ओमप्रकाश यादव, भूपेंद्र पटेल, सूर्यनारायण व्यास, नारायण व्यास, शरद शर्मा, गिरीश शर्मा, जगदीश चौहान धर्मेंद्र मौर्य अध्यापक एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं इष्टजनों के द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

### - वार्ड 32 में मां भारती की पृथ्वी पर आसन्न मनमोहक प्रतिमा के साथ गुरु तेगबहादुर सामुदायिक भवन का लोकार्पण

# भारत माता उद्यान में सजीव होगी गुरु तेगबहादुर जी की बलिदानी गाथा

**अनोखा तीर, देवास।** सिख समाज के नवे गुरु पूज्य तेगबहादुर जी धर्म, संस्कृति, मानव मूल्यों, उच्च आदर्श, सिद्धांत, त्याग एवं बलिदान के अमर योद्धा है। जिन्होंने कश्मीरी पंडितों एवं धर्म की रक्षार्थ अपने शिष्यों के साथ प्राण न्योछावर करने वाले गुरु तेगबहादुर जी को हिन्द की चादर सम्मान से विभूषित किया गया। शहर के स्टेशन रोड क्षेत्र स्थित वार्ड क्रं 32 अंतर्गत आदर्शनगर में नवनिर्मित भारत माता उद्यान में गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान की अमर गाथा सजीव होगी। अक्सर देखने में आता है कि भारत माता की सिंह पर सवार खड़ी प्रतिमा होती है, लेकिन आदर्शनगर में नवनिर्मित उद्यान में तीन सिंहों पर सवार, परम पवित्र भगवा ध्वज थामे हुए, पृथ्वी पर आसन्न भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। वार्ड 32 के पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा ने बताया कि विगत दिवस मुख्य अतिथि सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष, भाजपा नेता राजेश यादव, जिपं अध्यक्ष श्रीमती लीला भेरूलाल अटारिया, अजय तोमर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा एक विशाल एवं गरिमामय कार्यक्रम में भारत माता की मनमोहक प्रतिमा का अनावरण करते हुए गुरु तेगबहादुर सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वार्ड पार्षद श्रीमती निधि प्रवीण वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। वार्ड की समस्त मोहल्ला समितियों ने सांसद श्री सोलंकी का स्वागत कर सांसद निधि से वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए हृदय से धन्यवाद प्रेषित किया। उद्यान में स्वास्थ्य पथ एक्यूप्रेशर ट्रैक, ओपन जीम, झूले इत्यादि जनहितैषी संसाधन भी लगाए गए हैं। इस अवसर पर गुरु श्री तेगबहादुर भवन के अंदर गुरुजी के जीवन पर निर्मित प्रदर्शनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनी भव्य रंगोली को लोकार्पित किया गया। पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा द्वारा वार्ड के चहुंमुखी विकास, सेवा, शिक्षा, सुरक्षा की जानकारी के साथ दिए गए स्वागत भाषण से अतिथियों की उद्बोधन श्रृंखला प्रारम्भ हुई। पूर्व जिला महामंत्री पंकज वर्मा ने धारा प्रवाह भाषण और अटल जी की कविताओं के साथ वार्ड में पृथ्वी पर विराजित भारत माता को विश्वगुरु भारत माता का साकार स्वरूप सहित चारों दिशाओं में सिंहों पर विराजित भारत माता को सुरक्षित हाथों में संदेश निरूपित किया। अतिथि उद्बोधन में सर्वश्री सांसद श्री सोलंकी ने अपने सारगर्भित, विस्तारित भाषण में अनेक संवेदनशील मुद्दों को व्यक्त करते हुए वार्ड की जनता को बांध सा दिया।




**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

# 5 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद, सिराली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**अनोखा तीर, सिराली।** पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बंदी मुहाड़िया निवासी एक युवक को 5 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। जप्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 57 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 जनवरी 2026 को थाना सिराली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बंदी मुहाड़िया में एक व्यक्ति अपने घर के आंगन में बनी टपरी से अवैध मादक पदार्थ गांजा बेच रहा है। सूचना विश्वसनीय पाए जाने पर पुलिस






अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरदा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी खिरकिया के निर्देशन में थाना प्रभारी सिराली द्वारा तत्काल टीम गठित की गई। पुलिस टीम हमराह स्टाफ एवं दो स्वतंत्र गवाहों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंची, जहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का व्यक्ति अपने घर के बाहर संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अखिलेश पिता मोहन कुशवाह, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम बंदी मुहाड़िया बताया। इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी के घर के आंगन में बनी टपरी की तलाशी ली गई, जहां सफेद रंग की तीन पारदर्शी थैलियों में कुल 5 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। मौके पर ही गांजे को जप्त कर विधिवत कार्रवाई की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना सिराली में अपराध क्रमांक 29/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में उनि सीताराम पटेल, उनि हेमंत पाण्डे, प्रधान आरक्षक प्रवीण रघुवंशी, आरक्षक सुनील इवने, सौरभ मिश्रा, ईशांत गौर एवं उमेश पवार की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

### हिंदू सम्मेलन ...

# नर्मदा के रिद्धेश्वर घाट से निकाली कलश यात्रा, सैकड़ों लोग हुए शामिल





**अनोखा तीर, हंडिया।** नगर में बुधवार को हिंदू धर्म सम्मेलन में रिद्धेश्वर नर्मदा मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में हिन्दू भाई, मातृ शक्ति और संत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। हिंदू धर्म सम्मेलन में सबसे पहले महिला, बालिकाओं और संतों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा मुख्य मार्गों से होकर निकाली गई, जहाँ रास्ते में उपस्थित लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा नर्मदा मंदिर घाट पहुंची, जहाँ मंचासीन सभी संतों का फूलमाला और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि नमामि शिव साधना योग आश्रम गबला की संचालिका दीदी थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत आत्मा राम सरस्वती (करुणा धाम) ने की, जबकि संघ के प्रचारक और अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित थे।

# बारिश-ओलावृष्टि की चपेट में फसल...

- महिनों की मेहनत पर एक झटके में फिरा पानी
- करीब एक दर्जन गांव में फसलें बुरी तरह प्रभावित







**अनोखा तीर, हरदा।**

बीती रात भारी हवा-आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के चलते जिले की हंडिया तहसील के करीब एक दर्जन गांव में फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। यहां किसानों की महिनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। वहीं सारी उम्मीदें भी टूट चुकी हैं। खेतों में खड़ी गेहूँ, चना, मक्का समेत अन्य फसलें चौपट हो गई हैं। प्राकृतिक आपदा के शिकार हुए किसानों ने सुबह से ही अपने-अपने खेतों का रूख कर लिया था। जहां जमींदोश हुई फसलों को लेकर सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द प्रभावित फसलों का सर्वे कराया जाए। वहीं नुकसानी की भरपाई के लिए राहत मुहैया कराई जाए। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 10 बजे हवा-आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई, जो लंबे समय तक जारी रही। वहीं हंडिया तहसील के करीब एक दर्जन गांव में चना के बराबर ओले बरसे हैं। जिसके चलते सोनतलाई, बिछौला, कचबैड़ी, पांचातलाई, करणपुरा और खमलाय समेत आसपास के अन्य गांवों में फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। यहां मक्का, गेहूँ , चना, चिया सीड्स तथा सब्जियों की फसल खराब हुई है। इतना ही नही, क्षेत्र के ग्रामों में कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है। साथ ही पेड़ और खम्बे भी तेज हवा के कारण धाराशायी हो गए हैं। इसकी खबर मिलते ही कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल के प्रमुख पदाधिकारी किसानों के बीच पहुंचे। किसानों की फसलों का नजदीक से निरीक्षण करने के साथ ही उनसे बातचीत की और उनका दर्द बांटा। इतना ही नही, जल्द से जल्द सर्वे की आवश्यकता पर जोर भी दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने मंडल अध्यक्ष वंशीलाल पंवार, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ सोनतलाई क्षेत्र में पहुंचकर किसानों की फसलों को देखा। उनके साथ राजस्व अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने सतीश भादू, जयंत मौर्य, रामस्वरूप गुर्जर के साथ लोट्या-करणपुरा सहित अन्य गांवों में किसानों की फसलों को देखा। इस संबंध में सांई ने अधिकारियों से चर्चा कर अतिशीघ्र सर्वे कराए जाने की बात पर जोर दिया।

### जमीन पर लेटी फसल

किसान अमन पटेल ने बताया कि रात करीब 10-11 बजे बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों को बुरी तरह नष्ट कर दिया। मक्का की फसल जमीन पर लेट गई है। वहीं गेहूँ की बालियां टूटकर लटक गई है। जिससे तय है कि फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। जिसके चलते कई किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

### किसानों की कमर तोड़ी

कपिल जाट ने बताया कि चना की फसल पर ओलावृष्टि की मार साफ दिख रही है। जिससे फसलें पूरी तरह नुकसानी की भेंट चढ़ गई है। गांव में कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं तेज हवा में पेड़ भी गिरे हैं। संजय पटेल ने कहा कि यह समय फसलों का पिक टाइम था। उसी समय प्राकृतिक आपदा की मार ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी।

### मिर्ची की फसल खराब

सोनतलाई के उधानिकी किसान रेवा पटेल की करीब 8 एकड़ में लगी शिमला मिर्च की फसल नष्ट हुई है। ओलावृष्टि के कारण शिमला मिर्च में छेद हो गए हैं। वहीं सब्जी के पेड़ टूटकर लटक गए हैं। श्री पटेल ने बताया कि वर्तमान में मिर्च टूटने का समय नजदीक था। लेकिन बारिश और ओलावृष्टि ने सबकुछ तबाह कर दिया है।

### किसानों के साथ खड़ी सरकार

बारिश और ओले से प्रभावित फसलों के बीच पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि सरकार संकट के समय में किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंनें कहा कि बेमौसम बारिश की वजह से प्रदेश के विभिन्न जिलों समेत हरदा के कई गांवों में किसानों की फसलें बुरी तरह नष्ट हुई हैं। लेकिन, किसानों के साथ सरकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। ऐसे संपूर्ण किसानों की फसलों का सर्वे कराया जाएगा। ताकि उनकी क्षति की पूर्ति कराई जा सके। उन्होंनें कहा कि भाजपा सरकार किसानों की सरकार है। आरबीसी 6-4 अंतर्गत किसानों को राहत मुहैया कराएंगे। उन्होंनें यह भी कहा कि यह क्षति किसानों की नही बल्कि राष्ट्र की क्षति है। इसलिए सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध है। एक-एक किसान के खेत में जाकर निष्पक्षता के साथ सर्वे हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

## वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें : कमिश्नर

**अनोखा तीर, हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त केजी तिवारी एवं मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार ने बुधवार को राजस्व, वन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी अमले की बैठक लेकर जिले के 42 वनग्रामों का राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तित करने के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती ज्योति मुड़िया, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कमिश्नर ने वनग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन के पूर्व वनग्रामों का पूर्ण मानचित्रण, वनग्रामों की बाहरी सीमा का निर्धारण, स्थल सत्यापन, पूरे क्षेत्र का जीपीएस के माध्यम से नक्शा तैयार किये जाने, वन अधिकार पट्टाधारियों की सूची तैयार करने, नक्शे में वन अधिकार पत्रों की स्थिति दर्ज करने, ऐसे पट्टाधारी जिनको वन अधिकार पत्र जारी नहीं किया गया है, उनको जानकारी दर्ज कराने, पट्टा अथवा वनाधिकार पत्रधारी की मृत्यू हो जाने की दशा में नामातंतरण, नए दावा आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज करना, दावा आवेदनों का निराकरण, सामुदायिक दावों की स्थिति की समीक्षा भी की। साथ ही समय सीमा में उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वन अधिकार पट्टों से संबंधित समस्त नस्तियां वनमण्डलाधिकारी कार्यालय में जमा करने के भी निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने बैठक में जिले के 48 वनखण्डों की वन व्यवस्थापन की स्थिति की भी समीक्षा की।




## आज यूजीसी एक्ट को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

**अनोखा तीर, हरदा।** शैक्षणिक संस्थानों में यूजीसी एकट लागू किए जाने को लेकर सवर्ण समाज का विरोध फूट गया है। इसको लेकर गुरूवार को सवर्ण समाज के सदस्य स्थानीय परशुराम चौक प्रताप टॉकीज पर एकत्रित होंगे। वहीं इस संबंध में अपनी मांगों का ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे।

परशुराम सेना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि यूजीसी एक्ट सवर्ण समाज के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंनें सवर्णो से आज 29 जनवरी को परशुराम चौक पर दोपहर 2 बजे एकजुट होने का आहवान किया। यहां से सभी लोग कलेक्ट्रेट जाकर अपनी मांगों का ज्ञापन देंगे। उन्होंनें सभी से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### सोडलपुर से निकली मैराथन ध्वज निशान यात्रा, 69 घंटे में राजस्थान रुणिचा पहुंची

# 100 भक्तों ने लिया मैराथन दौड़ यात्रा में हिस्सा

**अनोखा तीर, सोडलपुर।**

ग्राम सोडलपुर से राजस्थान रुणिचा स्थित बाबा रामदेव के दर्शन के लिए निकली द्वितीय वर्ष की मैराथन ध्वज निशान यात्रा 69 घंटे में बाबा के मंदिर पहुंची, जहां ध्वज निशान अर्पित कर पूजा-अर्चना व प्रसाद चढ़ाया गया। इस मैराथन यात्रा में कुल 100 भक्तों ने हिस्सा लिया। यह यात्रा रविवार सुबह 11 बजे बाबा रामदेव मंदिर सोडलपुर से प्रारंभ हुई थी। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण नेमावर तक भक्तों को विदा करने पहुंचे। बुधवार सुबह 8 बजे लगभग 1100 किलोमीटर की यह मैराथन दौड़ यात्रा राजस्थान रुणिचा स्थित बाबा रामदेव के मंदिर पहुंची। लगातार मैराथन दौड़ में शामिल भक्त निरंतर दौड़ते रहे। यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए तीन टोलियां बनाई गई थीं, जिनके सदस्यों ने भक्ति भाव से दौड़ते हुए इस ध्वज निशान यात्रा को पूरा किया। बाबा की लहराती ध्वजा ने युवा और बुजुर्ग सभी को ऊर्जा और शक्ति प्रदान की। पिछले वर्ष भी सोडलपुर से बाबा रामदेव के लिए मैराथन ध्वज निशान यात्रा निकाली गई थी, जिसमें लगभग 60 भक्त शामिल हुए थे और यात्रा 81 घंटे में पूरी हुई थी। इस वर्ष यात्रा 12 घंटे पहले पूर्ण होने से भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। यात्रा में शामिल राकेश साखला, आदित्य पटेल, लोकेश सांखला, पंकज सांखला, जितेंद्र भाटी, अंकित भाटी, चंदू सोलंकी, सतीश सिंनगांवने और राहुल सोलंकी ने बताया कि बाबा की अटूट आस्था और विश्वास के चलते सभी युवा साथियों ने बिना रुके यह यात्रा पूरी की। मार्ग में जगह-जगह भक्तों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया।



# परिवहन कार्यालय में लर्निंग लाइसेंस शिविर आज

**अनोखा तीर, हरदा।** कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, हरदा द्वारा 'संकल्प से समाधान योजना' के तहत नए लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यह शिविर 29 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय, हरदा में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने साथ आधार कार्ड और पहचान पत्र की एक प्रति अवश्य लाएं। इस कैंप में बालिकाओं के लिए लाइसेंस बनवाना नि:शुल्क रहेगा, जबकि बालकों को निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

# मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**अनोखा तीर, हरदा।** कौशल विकास एवं स्वरोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक व्यवसायिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए हरदा डिग्री कॉलेज में मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। महाविद्यालय की मशरूम उत्पादन इकाई द्वारा ऑयस्टर मशरूम का सफल उत्पादन दिखाया गया। वर्तमान समय में मशरूम एक महंगा और स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद है, जिसमें प्रोटीन और विटामिन प्रचुर मात्रा में होते हैं। इसका उपयोग भोज्य पदार्थ, औषधियाँ और सौंदर्य प्रसाधन बनाने में किया जाता है। कार्यशाला में जीव विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापक आनंद वर्मा और नरेन्द्र खोरे ने मशरूम के व्यापारिक उत्पादन और प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महाविद्यालय के जीव विज्ञान संकाय से सहायक प्राध्यापक पवन राठौर, अभिलाषा टांक, मुस्कान जैन और करिश्मा यादव भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. गिरीश सिंहल, प्राचार्या डॉ. अभिलाषा सिंहल, उपप्राचार्य गणेश श्रीवास्तव और जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह परिहार ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के कौशल विकास और सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# रेबीज टीकाकरण का शिविर कल

**अनोखा तीर, हरदा।** पशु चिकित्सालय हरदा में शुक्रवार 30 जनवरी को रेबीज टीकाकरण का शिविर आयोजित किया गया है। शिविर सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक चलेगा। इस दौरान कुत्तों में निशुल्क एंटी रेबीज का टीकाकरण किया जाएगा। पशु चिकित्सालय से मिली जानकारी के अनुसार पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह अंतर्गत 14 जनवरी से 13 फरवरी के बीच जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सुरक्षा को दृष्टिगत रखकर श्वानों के लिए रेबीज टीकाकरण का आयोजन रखा है। पशुपालन विभाग ने श्वान पालकों को शिविर में शामिल होकर अपने अपने श्वानों को निशुल्क टीका लगवाने की बात कही है।

- खो-खो नेशनल गेम्स खेलने हरदा से बैंगलोर रवाना हुई टीम

# प्रदेशभर से पधारे खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**अनोखा तीर, हरदा।**

साऊथ एशिया खो-खो एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त खो-खो इंडिया के तत्वाधान में कर्नाटक के तुमकुम में आयोजित सीनियर नेशनल खो-खो प्रतियोगिता 31 जनवरी से 3 फरवरी के मध्य आयोजित की जाएगी। इसके लिए मध्यप्रदेश की टीम हरदा से रवाना हुई है। इससे पहले प्रदेशभर से पधारे खो-खो खिलाड़ियों का मध्यप्रदेश खो-खो एसोसिएशन ने नेहरू स्टेडियम पर स्वागत किया गया। वहीं खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया गया।

मध्यप्रदेश खो-खो एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सोनी ने बताया कि खो-खो सिनियर नेशनल गेम्स प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के अलग अलग जिलों से चयनित 24 खिलाड़ियों द्वारा हिस्सा लिया जाएगा। जिसमें हरदा जिले से 6 खिलाड़ी नेशनल गेम्स के लिए चयनित हुए थे, वे सभी शामिल हैं।

मध्यप्रदेश की टीम के कोच अनिल सिंह रीवा एवं महिला कोच खूशबू वर्मा के नेतृत्व में रवाना हुई है। टीम में वर्षा मगरदे भोपाल, बबीता देशमुख भोपाल, दिशा रीवा, आयुषी, अंशिका मिश्रा, राखी द्विवेदी, ज्योति सिंह, मारया अग्रहरि, मोहित अवस्थी, दर्शन खौरे, राहुल कैथवास, पुष्पेंद्र सिंह समेत अन्य शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों को अमृतश्री डेयरी के संचालक हिमांशु सिंह मौर्य की तरफ से ट्रेक शूट वितरण किया गया। खिलाड़ियों के अभिनंदन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष जितेंन्द्र सोनी, प्रदेश सचिव राजेश त्रिपाठी, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, पूर्व क्रिकेट कोच राजेश तिवारी के साथ ही कैलाश विश्वकर्मा, राजीव जैन, मुकेश निकुम आदि उपस्थित रहे।

